दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। बुधवार 11 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 332 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की होने लगी सुगबुगाहट ?



### बीजेपी विधायकों की चिट्ठी राष्ट्रपति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी के विधायकों ने केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। इस सबंध में दिल्ली बीजेपी विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा था। अब राष्ट्रपति सचिवालय ने इस पर संज्ञान लिया है। इस मामले पर अअढ ने भी बयान जारी कर भाजपा को घेरा है और कहा है कि भाजपा दिल्ली में चुनाव नहीं जीत सकती, इसीलिए चोर रास्ते अपना रही है। बीजेपी विधायकों ने संवैधानिक संकट का हवाला देते हुए दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। चिट्ठी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में होने का भी हवाला दिया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह पत्र केंद्रीय गृह मंत्रालय को बढ़ा दिया है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में सुगबुगाहट है कि राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लग सकता है।

#### लगता है बीजेपी ने कोई सर्वे करा लिया- आप

भाजपा की इस चिट्ठी पर आप ने भी बयान जारी किया है। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'ऐसा लग रहा है बीजेपी ने कोई सर्वे करा लिया है, बीजेपी जो पहले कूद रही थी कि दिल्ली के अंदर केजरीवाल को हराएंगे और बीजेपी की सरकार बनाएंगे उनके हौसले पस्त हो गए हैं।




## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लिखा मुख्यमंत्री को लैटर

### कहा, निगम-विधानसभा-लोकसभा के वोट का हो एक ही मैटर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दो बार विधायक रहे हैं। प्रदेश सरकार में मंत्री रहे हैं और सियासत का उन्हें गहन अनुभव है। सबसे बडी बात ये है कि उन्होंने तीनो चुनाव अपने घर में देखे हैं। उनके पिता स्व डीसी गर्ग दो बार नगर निगम के मेयर रहे हैं। अतुल गर्ग स्वयं दो बार विधानसभा सदस्य रहे हैं और अब वो लोकसभा सदस्य है। ये तीनों चुनाव ऐसे हैं जिन्हें जनता अपने वोट के माध्यम से चुनती है।

अतुल गर्ग को इन तीनों चुनावों का नजदीक से अनुभव है और इन दिनों वो लोकसभा से लेकर मुख्यमंत्री पटल तक अपनी आवाज उठा रहे हैं। अतुल गर्ग ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का ये तर्क है कि वोट पुनरीक्षण अभियान तीन स्तर पर नहीं होना चाहिए। उनका कहना है कि मेयर चुनाव में भी मतदाता उसी क्षेत्र से है जिसमें वो विधानसभा से है और विधानसभा चुनाव में वो उसी क्षेत्र से है जिसमें वो लोकसभा क्षेत्र से है। अतुल गर्ग ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और ये कहा है कि वोट एक ही सूची में मर्ज होने चाहिए। एक लिस्ट एक वोटर होना चाहिए। वोट का अलग अलग प्रोसेज नहीं होना चाहिए। इसमें कई बार वोटर के साथ परेशानी होती है। ये होता है कि वो विधानसभा में विधानसभा वाली लिस्ट में वोटर है और लोकसभा वाली लिस्ट मे उसका नाम गायब है। कोई लोकसभा में वोटर है तो उसका विधानसभा और नगर निगम की वोटर लिस्ट से उसका नाम गायब है। सांसद ये चाहते हैं कि वोट पुनरीक्षण एक हो। वोटर लिस्ट एक हो। इसके लिए अतुल गर्ग ने मुख्यमंत्री को लैटर लिखा है।

#### लोकसभा में लोकप्रिय अंदाज में हैं अतुल गर्ग



करंट क्राइम। अतुल गर्ग शहर विधायक रहे है। प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री से लेकर चिकित्सा एंव स्वास्थ्य कल्याण मंत्री रहे है। सबसे बड़ी बात ये है कि लोकसभा सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग उस अंदाज के साथ सियासी पारी खेल रहे हैं जिसे लोकप्रिय अंदाज कहा जाता है। वो बाजारों में जनता के बीच हैं और वो संगठन में कार्यकताओं के साथ है और सबसे बड़ी बात ये है कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में खासतौर से लोकसभा सांसद के रूप में ये संदेश जनता में दे रहे हैं कि वो अपने क्षेत्र के लोगों के लिए उपलब्ध है। उपलब्धता का संदेश दे रहे हैं और सबसे बडी बात ये है कि वो कनैक्टिविटी बनाकर चल रहे हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान में वो पूरी रूचि ले रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को सदस्तया अभियान से जोडा है और ये प्रयोग सबको पसंद आया है और अब अतुल गर्ग ने लोकसभा सांसद के रूप में एक वोटर लिस्ट की मांग की है। वो चाहते हैं कि नगर निगम, विधानसभा और लोकसभा वोटर लिस्ट एक होनी चाहिए जिससे जनता को परेशानी ना हो।

## आज आ सकता है ई-रिक्शा के संचालन वाले मामले में कोई सकारात्मक फैसला

# आज 3 बजे भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा करेंगे पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस अधिकारियों ने गाजियाबाद में पहले एक रूट पर ई-रिक्शा संचालन बंद करने के आदेश दिये और फिर 12 सितम्बर से दूसरे रूट पर भी ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाने की बात कही गई। इसके बाद से ई-रिक्शा चालकों के समर्थन में सियासी माहौल बनना शुरू हुआ। पहले कांग्रेस नेता सपोर्ट में आये फिर समाजवादी नेताओं ने ऐलान किया और भाजपा के दलित नेता अशोक संत भी ई-रिक्शा चालकों के समर्थन में आये।

यहां भाजपा संगठन इस फैसले को लेकर भी हैरान है और उसका कारण ये है कि भाजपा संगठन ये महसूस कर रहा है कि ई-रिक्शा पर लगे ब्रेक ने बैठे बिठाये विपक्ष को एक मुद्दा दे दिया है। मंगलवार को जिस तरह से अलग अलग सियासी दलों से ये माहौल बनना शुरू हुआ। उसे भाजपा संगठन ने पहले ही भांप लिया है। शहर विधानसभा में उपचुनाव आ रहा है और भाजपा संगठन भली भांति इस बात को जानता है कि ई-रिक्शा पर पुलिस अधिकारियों का यह फैसला चुनाव में फांसले बढा सकता है। विपक्ष को यहां बैठे बिठाये एक मौका देने के पक्ष में भाजपा नहीं है। बताया जाता है कि अब इस मामले में खुद भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा आगे आये हैं।



**भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पहले इस मुद्दे पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और भाजपा विधायकों से बात की और फिर इस बातचीत का सार निकला कि पुलिस अधिकारियों को सामाजिक पक्ष से अवगत कराया जाये।**



उन्होंने पहले इस मुद्दे पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और भाजपा के विधायकों से बात की और फिर इस बातचीत का सार ये निकला है कि इस मुद्दे पर बिना देर किये पुलिस अधिकारियों से बात की जाये। उन्हें समाजिक पक्ष से भी अवगत कराया जाये।

बताया जाता है कि उसके लिए पूरा माहौल बन गया है और आज यानी बुधवार को दोपहर 3 बजे भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा पुलिस आयुक्त से मुलाकात करेंगे। ई-रिक्शा चालकों की समस्या के समाधान का रास्ता निकल सकता है। इस मुलाकात में ई-रिक्शा एसोसिएशन से जुड़े कुछ लोग मौजूद रहेंगे। संगठन के कुछ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और ये माना जा रहा है कि भगवा कमांडर की ये मुलाकात ई-रिक्शा चालकों के लिए फीलगुड वाला संदेश ला सकती है। जिस बात को लेकर वो तनाव में है आज इस मुलाकात के बाद एक रास्ता निकल सकता है।

# नदी और तालाबों में नहीं होगा गणेश पूजा पर मूर्ति विसर्जन

### दिल्ली और गाजियाबाद पुलिस की हुई कोऑर्डिनेशन मीटिंग

### गणेश चतुर्थी 2024 और बारावफात ईद मिलादुल्लनबी को लेकर जारी हुआ अलर्ट प्लान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इंटरस्टेट बॉर्डर कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। गणेश चतुर्थी-2024 और बारावफात ईद मिलादुल्लनबी को कुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस लाइन गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के परमजीत हाल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की बागडोर एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनेश कुमार पी की अध्यक्षता में हुई। तो वहीं इसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई है। खास बात यह है कि दिल्ली और गाजियाबाद में मूर्ति विसर्जन किसी नदी में नहीं बल्कि कृत्रिम तालाब बनाकर किया जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी की आदेशों का पालन करना होगा। वहीं मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी प्रकार के ऐसे लाउडस्पीकर का भी इस्तेमाल नहीं करना होगा जो अधिक साउंड वाले होते हैं। इस दौरान दिल्ली पुलिस और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी आपस में संपर्क रखेंगे की कोई भी जुलूस और गणेश प्रतिमा विसर्जन व बारावफात का कार्यक्रम एक साथ दो घंटे के अंतराल में ना हो।

इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और दिल्ली राज्य के वांछित अपराधियों की सूचना और सूची भी एक दूसरे को प्रदान करने का काम किया गया है।

#### दिल्ली और गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

करंट क्राइम : मंगलवार को पुलिस लाइन में हुई इंटर स्टेट बॉर्डर कोऑर्डिनेशन मीटिंग के दौरान जहां मूर्ति विसर्जन और बारावफात के कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा और सूचनाओं आदान-प्रदान करने का काम किया गया। तो वहीं इस बैठक में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम, एसीपी लोनी सूर्यबली, एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा, एसीपी मसूरी के साथ ही एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन और एसीपी लाइन अभिषेक श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

#### लोनी में भी विसर्जन पर लगाई गई है अधिकारियों की ड्यूटी

करंट क्राइम : तहसील लोनी क्षेत्र में कई स्थानों पर गणेश प्रतिमा को विसर्जित किया जाता है लेकिन इस बार उप जिलाधिकारी लोनी द्वारा लोनी अंतर्गत डीएलएफ छठ घाट, यमुना नदी ठोकर नंबर 7-8, नाईपुरा छठ घाट, नवीन कुंज छठ घाट, रामविहार छठ घाट तहसील पर ड्यूटी लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लोनी एवं खंड विकास अधिकारी लोनी को विसर्जन स्थान पर पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एसीपी लोनी और अंकुर विहार विसर्जन स्थान पर कानून व्यवस्था और शांति बहाली का काम करेंगे।

## बदले गए कमिश्नरेट में चार एसीपी के ठिकाने, तीन सर्किल हुए पिंक

### एसीपी वेव सिटी बनी लिपि नगायच , एसीपी नंदग्राम बनी पूनम मिश्र, मसूरी का मिला सिद्धार्थ गौतम को चार्ज, शालीमार गार्डन भेजी गई सलोनी अग्रवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मंगलवार की शाम चार एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। जिसमें एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच को बनाया गया है। तो वहीं एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्र को जिम्मेदारी दी गई है। ट्रांस हिंडन जोन के शालीमार गार्डन से आए एसीपी अब देहात जोन मसूरी के एसीपी सिद्धार्थ गौतम बनाए गए हैं। तो वहीं सिहानी गेट नंदग्राम सर्किल का कार्यवाहक जिम्मा संभालने वाली सलोनी अग्रवाल को एसीपी शालीमार गार्डन और एसीपी अकाउंट का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बताया जा रहा है कि कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

#### तीन सर्किल पर महिला अधिकारियों को मिली पोस्टिंग



**करंट क्राइम ।** मंगलवार कोई इस लिस्ट में तीन महिला अधिकारियों को पोस्टिंग में वरीयता प्रदान की गई है। जिसमें एक अंडर ट्रेनी आईपीएस अधिकारी हैं, तो दो पीपीएस अधिकारी हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अब तीन सर्किल महिला पुलिस अधिकारी यानी पिंक कंधों को सौंपा गया है। अधिकारियों ने वेव सिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की सर्किल अधिकारी महिला बनाई हैं। तो वहीं थाना नंदग्राम और सिहानी गेट को भी पिंक सर्किल के रूप में तब्दील किया गया है। इसके साथ ही थाना शालीमार गार्डन और टीलामोड़ सर्किल पर भी सलोनी अग्रवाल के रूप में महिला अधिकारी की पोस्टिंग की गई है। बता दें की उत्तर प्रदेश सरकार इन दिनों महिला अधिकारियों की पोस्टिंग को लेकर खास फोकस कर रही है। पहले भी कमिश्नरेट में कई सर्किल और थानों का प्रभार महिलाओं को सौपा जा चुका है।




## दोनों ही हैं लोकसभा के कप्तान अतुल गर्ग के दिल के नजदीक

# एक है भगवा कमांडर तो दूसरे हैं डिफेंस वाले चीफ

# किसकी बनेगी बात, पता नहीं चल रहा ठीक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में चुनाव आ रहा है और दावेदारी की बहर में बहुत से चेहरे हैं। सभी चेहरे ये चाह रहे हैं कि उनके सांसद उन्हें सपोर्ट करें और अतुल गर्ग अब भाजपा की सियासत में उस भूमिका में हैं जहां उनका सपोर्ट किसी को वोट लेने लायक बना देगा। ऐसे में अतुल गर्ग पर सबकी नजरे हैं और अतुल गर्ग ऐसे व्यक्ति हैं जिनके बारे में यह कहा जाता है कि चाहे वो बात राजनीति की हो, चाहे वो बात समाजिक हो, चाहे वो बात सरकार की हो या बात कारोबार की हो। अतुल गर्ग राजनीतिक व्यक्ति होने के साथ साथ एक कमेटिड व्यक्ति माने जाते हैं। वो अपने शब्दों के धनी भी हैं और शब्दों के पक्के भी हैं। अगर उन्होंने किसी मुद्दे पर हां की तो फिर उस हां का मतलब हां है और ना कर दी है तो फिर उस ना का मतलब ना है। हालांकि सांसद अतुल गर्ग को उनकी ये स्पष्टवादिता वाली आदत कष्ट पहुंचाती है और कई बार इस आदत के चलते सामने वाला बगावत वाले मोड में आता है। लेकिन अतुल गर्ग इन चीजों से अलग जाकर वही करते हैं जो फेयर है। अब वो गाजियाबाद की राजनीति में पॉवरफु ल हैं इसमें कोई शक नहीं है। ये भी सत्य है कि गाजियाबाद की राजनीति उनके आस-पास ही रिवाल्व कर रही और यहां पर अब जो ताजा चर्चा है वो ये है कि दो प्रमुख चेहरे हैं और दोनों ही अतुल गर्ग के दिल के नजदीक माने जाते हैं। इनमें से एक तो अतुल गर्ग ने अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब उनके जन्मदिन पर दिया था तो दूसरे चेहरे पर उनका भरोसा हद से ज्यादा है। यहां रिश्ते राजनीति से इतर जाकर है। ऐसे में अब ये सवाल उठ रहा है कि जब वो दोनों ही अतुल गर्ग के दिल के नजदीक हैं तो क्या कप्तान अपने प्रिय कमांडर को सपोर्ट करेंगे या फिर वो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल का पक्ष लेंगे। क्योंकि ये दोनों ही सांसद के दिल के नजदीक भी हैं और दोनों ही सांसद के प्रति समर्पित भी हैं। पर्दे के आगे हर चुनाव में संजीव शर्मा रहे हैं और पर्दे के पीछे हर चुनाव में ललित जायसवाल हर चुनाव संभालते रहे है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि अब जब चुनाव आयेगा तो ये पता चल जायेगा कि कमांडर ज्यादा नजदीक हैं या चीफ वार्डन ज्यादा नजदीक हैं।

#### अगर उनका चलता बस तो बांट देते कमांडर और चीफ में आधा-आधा कार्यकाल

करंट क्राइम। वो लोकसभा के कप्तान हैं और उनकी संस्तुति अहम है। लोग ये जानना चाहते हैं कि भगवा कमांडर के प्रति उनके दिल में कितने चुनावी जज्बात हैं और डिफेंस वाले चीफ को लेकर वो क्या सोचते हैं। लेकिन बताते हैं कि अगर उनके दिल का नार्को टेस्ट हो जाये तो हाल ए दिल ऐसा बाहर आयेगा कि उनका बस चले तो वो दोनों को आधा आधा कार्यकाल दिला दें। लेकिन भाजपा में ये संभव नहीं है इसलिए चीफ और कमांडर के बीच कौन है करीब, ये तो बताना ही होगा।

#### अतुल गर्ग हैं सबसे बड़े खिलाड़ी, वो नहीं लगने देंगे गेम की हवा

करंट क्राइम। अतुल गर्ग ने विधानसभा के उपचुनाव को लेकर अभी पत्ते नहीं खोले हैं और जानकार ये मानकर चल रहे हैं कि अतुल गर्ग सियासत के सबसे बड़े खिलाडी हैं। उन्होंने खुद को सबसे बड़े खिलाडी के रूप में सबसे बडी बाजी जीत कर साबित किया है। यहां तो बात विधानसभा की हो रही है और वो कौन से तुर्प के इक्के का इस्तेमाल करेंगे इसकी उन्होंने लोकसभा में हवा तक नहीं लगने दी थी। इसलिए विधानसभा के पत्ते भी उन्होंने नहीं खोले हैं। पूरी तरह गेम को ब्लाइंड रखा है और जो उन्हें जानते हैं वो ये भी जानते हैं कि उन्होंने चुनावी मोड पर अपने माईंड को सैट रखा है।

#### चीफ और कमांडर के बीच क्या और भी है थर्ड वंडर

करंट क्राइम। सबसे बड़े खिलाड़ी के दिल में क्या है ये वो जानते हैं और वो सियासत की इस बाजी पर सबसे बड़े किंग मेकर के रूप में सामने आये है। पत्तों को लेकर जब बात चली तो कहने वालों ने कहा कि उनके पास जो पत्ते हैं उसमें तुर्प का इक्का भी है और किंग भी उन्हीं के पास है। मगर कहने वाले यह भी कहते हैं कि जिस गेम में सबसे ज्यादा इंटरेस्ट आता है वो तीन पत्ती है। यहां दो चेहरे तो संजीव शर्मा और ललित जायसवाल के रूप में दिखाई दे रहे हैं लेकिन गेम ब्लाईंड है तो यहां तीसरा पत्ता कौन है। चर्चा उनके करीबी माने जाने वाले सतेन्द्र चौधरी को लेकर होती है। यहां उनका मामला ओबीसी फैक्टर में बन सकता है लेकिन अगर यही फैक्टर है तो फिर डिफेंस वाले चीफ तो करीब भी हैं और वो आंशिक रूप से ओबीसी भी हैं। लेकिन भाजपा की परिपाटी जनरल सीट पर जनरल उम्मीदवार उतारने की है और ऐसे में ये लाभ कमांडर को मिल सकता है। कमांडर और चीफ के बाद अगर ये तीसरा नाम सामने आ जाये तो कोई वंडर यानी आर्श्चय नहीं होना चाहिए।

# तहबाजारियों की समस्या के समाधान के लिए बनेगी मंत्रिमंडलीय उप समिति : सीएम सुक्खू



**शिमला।** सीएम सुक्खू ने कहा कि उनसे मंत्री और विधायक मिले थे। इस बारे में चर्चा की गई कि बाहर के लोगों ने किस प्रकार हिमाचल प्रदेश में आना है और तहबाजारी के लिए जगह दी जाए। हिमाचल प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स की समस्याओं का हल निकालने के लिए एक मंत्रिमंडलीय उप समिति बनाई जाएगी।

यह जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को विधानसभा सदन में दी। हरीश जनारथा ने कहा कि कल के लिए बंद की कॉल है। जनारथा ने कहा कि यह मुद्दा कहीं से कहीं पहुंच गया है। यह सांप्रदायिक हो गया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों में डर का माहौल है। माहौल शांत होना चाहिए। कोई भी प्रवासी यहां आए, उसका सत्यापन हो। वेंडिंग जोन बनाए जाएं। इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह अपनी बात कहने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से अनुमति मांगते रहे तो उन्हें अनुमति नहीं देते हुए स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मंत्री व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठा सकते हैं। इसका उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जो बात उठाई गई है, उसमें मंत्री हस्तक्षेप करना चाह रहे थे। सीएम सुक्खू ने कहा कि उनसे मंत्री और विधायक मिले थे।

इस बारे में चर्चा की गई कि बाहर के लोगों ने किस प्रकार हिमाचल प्रदेश में आना है और तहबाजारी के लिए जगह दी जाए। मुख्यमंत्री ने सदन में एलान किया कि इसके लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति बनाई जाएगी, जो इस संबंध में चर्चा करेगी। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश शांतिप्रिय प्रदेश है। हिमाचल की संस्कृति सबका सम्मान करने की रही है, लेकिन कानून व्यवस्था को खराब नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए सख्त कदम उठाएंगे।

इस पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह मामला गंभीर होता जा रहा है। यह शिमला ही नहीं, पूरे हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था का मुद्दा भी बन सकता है। यहां आने के लिए कोई रोक नहीं है। पर बड़ी तादाद में लोगों का यहां आना और जिनकी पृष्ठभूमि भी पता न हो, उसके बारे में वेरिफिकेशन की जरूरत है। बोलने में भी एहतियात बरतना चाहिए। वर्तमान विषय हिमाचल प्रदेश के एक बड़े वर्ग की भावनाओं से जुड़ गया है। इसे हल्के में न लिया जाए। कमेटी गठित करने की बात केवल समय लेने के लिए की जाती है। जो प्रदर्शन हुआ, उसे किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं था, लोग खुद घर से बाहर निकले। जो अनधिकृत निर्माण हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में हुए हैं, उनका मामला अलग है।

### कुछ लोग इसे सांप्रदायिक रंग देना चाह रहे :अनिरुद्ध

ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कोई भी भारत का नागरिक आ सकता है और अपनी आजीविका कमा सकता है। कुछ लोग इसे सांप्रदायिक रंग देना चाहते हैं और इस पर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। चाहे कोई भी व्यक्ति आए और काम करे तो उसकी पूरी तरह से वेरिफिकेशन होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने हालांकि इससे पहले जवाब दे दिया है कि कमेटी बनाई जाएगी। कुछ असामाजिक तत्व हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की छवि को खराब करना चाहते हैं। आज ही इस पर एक्शन लिया जाए। इसमें आज ही पॉलिसी में बदलाव किया जाए, जिससे प्रदेश सरकार के प्रति गंभीरता रहे।

### सीएम बोले-आज ही कमेटी बनाने में कोई हर्ज नहीं

मंत्री अनिरुद्ध के वक्तव्य के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की स्थिति बहुत सौहार्दपूर्ण रही है। इसे कोई राजनीति रंग देने की जरूरत नहीं है। कानून अपना काम करता है। जो गैर कानूनी होगा, उस पर कार्रवाई करेंगे। आज ही कमेटी बनाने में कोई हर्ज नहीं है। अगर भाजपा के लोग भी कमेटी में आना चाहते हैं तो उन्हें भी ले लिया जाएगा। सरकार की कमेटी बनानी है तो उसमें कोई आपत्ति नहीं है या विधानसभा की कमेटी बनानी है तो उसे भी बनाया जा सकता है

# खत्म हुईं नाराजगी की अटकलें, सीएम योगी से उनके आवास पर मिलीं अर्पणा यादव



**लखनऊ।** उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष बनाए जाने से नाराजगी की चचाओं के बीच भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मुलाकात की। सीएम के आवास में हुई मुलाकात में अपर्णा के साथ उनके पति प्रतीक यादव भी थे।

बता दें सरकार ने उप्र राज्य महिला आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ ही अपर्णा समेत दो उपाध्यक्ष भी नियुक्त किए थे। अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष ने दो दिन पहले ही कार्यभार ग्रहण कर लिया है लेकिन अपर्णा ने कार्यभार नहीं ग्रहण किया है। ऐसे में अपर्णा की नाराजगी की चर्चा शुरू हो गई है हालांकि अपर्णा की ओर से अभी तक नाराजगी को लेकर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस बीच मुख्यमंत्री से मुलाकात को उनकी नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### अवैध कब्जेदारों पर करें कड़ी कार्रवाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामांतरण, पैमाइश, वरासत, उत्तराधिकार तथा भू उपयोग से जुड़े मामलों के तत्काल निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डीएम, एसडीएम और तहसीलदार लंबित प्रकरणों का जल्द समाधान कराएं। भूमि, भवन आदि पर अवैध कब्जा करने वालों और नियमानुसार पैमाइश के बाद विवाद करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। सीएम सोमवार को राजस्व विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी डीएम और पुलिस कप्तानों को कब्जा हटाने की कार्रवाई के साथ अवैध कब्जेदारों पर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश भी दिया। कहा, जहां चकबंदी हो रही है अथवा लंबित है वहां चकबंदी नियमानुसार की जाए। पैमाइश होने के बाद दोबारा अवैध कब्जा करने वाली हर गतिविधि के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। जनता के हितों को सीधे प्रभावित करने वाले ऐसे मामलों का समयबद्ध निस्तारण हर हाल में हो। डीएम, एसपी, एसडीएम, सीओ, तहसीलदार जनता से सतत संवाद बनाए रखें। सीएम ने राजस्व परिषद तथा राजस्व विभाग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम (न्यायिक), कानूनगो और लेखपाल के रिक्त पदों को जल्द भरने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिलों के मानचित्र अपडेट करने तथा अवैध खनन रोकने के लिए जीरो पॉइंट पर व्यवस्थित टास्क फोर्स द्वारा छापे मारने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में राजस्व परिषद के अध्यक्ष, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव राजस्व और डीजीपी भी शामिल हुए।

# एडवोकेट युगांक यादव बनाए गए भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश कार्य समिति सदस्य





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश टीम में गाजियाबाद के युगांक यादव को स्थान मिला है। उन्हे भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश टीम में शामिल किया गया है। एडवोकेट युगांक यादव को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाया गया है।

# सत्ता मिलने पर कांग्रेस खत्म कर देगी एससी-एसटी, ओबीसी आरक्षण : मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आएगी तो आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि जातिवाद पूरी तरह समाप्त होने तक आरक्षण की व्यवस्था जारी रहना जरूरी है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि जातिवाद पूरी तरह खत्म होने तक आरक्षण की व्यवस्था जारी रहना जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद उसने ओबीसी आरक्षण लागू नहीं किया और देश में जातीय जनगणना नहीं कराई। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विदेश में दिए उस बयान से सतर्क होने को भी कहा, जिसमें उन्होंने एससी-एसटी व ओबीसी आरक्षण खत्म करने की बात कही है।

बसपा सुप्रीमो ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि कांग्रेस अब जातीय जनगणना की आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। लोग इसके इस नाटक से सचेत रहें क्योंकि यह आगे भी जातीय जनगणना नहीं कराएगी।



कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल गांधी के इस नाटक से भी सतर्क रहें जिसमें उन्होंने विदेश में कहा कि भारत जब बेहतर स्थिति में होगा तो हम एससी-एसटी व ओबीसी आरक्षण खत्म कर देंगे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षड्यंत्र में लगी है।

इन वर्गों के लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस घातक बयान से सावधान रहें क्योंकि यह पार्टी केंद्र की सत्ता में आते ही इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी। ये लोग संविधान व आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से सजग रहें। सच्चाई यह है कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण विरोधी सोच की रही है। केंद्र में रही इनकी सरकार में जब इनका आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया तब इस पार्टी से इनको इंसाफ न मिलने की वजह से ही डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### शिक्षक भर्ती मामले में ईमानदार रुख अपनाए सरकार

वहीं, दूसरी ओर उन्होंने 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में कहा कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्हें अपना संवैधानिक हक जरूर मिलना चाहिए। राज्य सरकार इस मामले में अपना ईमानदार रुख अपनाए ताकि इनके साथ कोई भी अन्याय न हो।

# भ्रष्टाचार: ठेकेदार को किया गया 80 करोड़ का फर्जी भुगतान, एसीबी करेगी जांच



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पालम में नालों की सफाई के दौरान हुए भ्रष्टाचार की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से करवाने का आदेश दिया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों पर करीब 80 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन के दुरुपयोग करने का आरोप है। बताया गया कि पालम क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी के साउथ वेस्ट रोड-1 और साउथ वेस्ट रोड-2 डिवीजनों में किए गए डी-सिल्टिंग कार्य में भ्रष्टाचार हुआ। इस मामले में एलजी के प्रधान सचिव ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। मामले में नजफगढ़ वार्ड से पार्षद अमित खरखड़ी ने एलजी को एक शिकायत भेजी है। उनका आरोप है कि परियोजना में शामिल अधिकारी सार्वजनिक धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। सफाई के काम में गंभीर भ्रष्टचार हुआ है। इस काम में एक ही ठेकेदार सुरेन्द्र सिंह को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। उसे निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए नालों की सफाई का ठेका दिया गया। एलजी ने इस मामले की गहराई से जांच के आदेश दिए हैं। जांच अधिकारियों से मामले की कार्रवाई रिपोर्ट जल्द से जल्द सचिवालय को भेजने को कहा है।

### इन पर लगा आरोप

शिकायतकर्ता ने कार्यकारी अभियंता आशीष गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता अजय कुमार मीना, सहायक अभियंता धर्म सिंह मीना के साथ ठेकेदार सुरेन्द्र सिंह और अन्य पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों पर गलत काम करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा गया कि दोनों डिवीजन के अधीक्षण अभियंता राजपाल शिवरेन और शैलेंद्र मिश्रा, मुख्य अभियंता, दक्षिण (एम) मनोज कुमार अग्रवाल मामले में आरोपी हैं। यह परियोजना उनकी देखरेख में हुई। ऐसे में इनकी मिलीभगत की आशंका है। इसके अलावा पूर्व अभियंता और सहायक अभियंता पर भी अंगुली उठाई गई है।

# केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग, भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति को लिखा खत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। राष्ट्रपति ने गृह मंत्रालय को चिट्ठी भेजी है। केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। दिल्ली भाजपा के विधायकों ने दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एक खत लिखा है। बीजेपी विधायकों ने राष्ट्रपति से दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। राष्ट्रपति सचिवालय ने इस पर संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति सचिवालय के निदेशक शिवेन्द्र चतुवेर्दी ने नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता को पत्र भेजा है। इसमें लिखा है



कि भाजपा विधायकों ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया था। उसे संज्ञान में लेते हुए उचित कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है।

### आतिशी ने भाजपा पर कसा तंज

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि आने वाले दिल्ली चुनाव में भाजपा पहले ही हार मान चुकी है। भाजपा चोर दरवाजे से केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करना चाहती है। भाजपा का एक मात्र काम चुनी हुई सरकार को गिराना है। मुख्यमंत्री केजरीवाल से भाजपा डरती है। केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों की सेवा की है। ये भाजपा का नया षड्यंत्र है। दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीरो सीट आंएगी।

# 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' लंदन में विकसित भारत पर आयोजित चर्चा में भाग लेंगे गाजियाबाद के डॉ. विपिन त्यागी

## केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, सांसद कंगना रनौत सहित कुल 35 प्रतिनिधि होंगे शामिल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ब्रिटेन संसद के उच्च सदन 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' में विकसित भारत पर आयोजित चर्चा में भाग लेने के लिए गाजियाबाद के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक, ट्रॉमा और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विपिन त्यागी को भी आमंत्रित किया गया है। लॉर्ड रामी रेंजर एवं एनआरआई एसोसिएशन, यूनाइटेड किंगडम के अंतर्राष्ट्रीय सचिव डीके त्यागी की तरफ से प्राप्त निमंत्रण पत्र के अनुसार लंदन स्थित हाउस ऑफ लॉर्ड्स के एटली रूम में 18 सितंबर की शाम को ये आयोजन होगा। इसमें ब्रिटेन के कई मंत्रियों की उपस्थिति में 'भारत के अग्रणी: 2047 में विकसित भारत के मार्ग पर अग्रसर' विषय पर चर्चा होगी। गाजियाबाद के डॉक्टर विपिन त्यागी विशेष अतिथि के रूप में इस चर्चा में भाग लेंगे। प्रतिष्ठित ग्लोबल प्रेस्टीज अवार्ड्स के तत्वावधान में आयोजित इस महत्वपूर्ण आयोजन में भारत से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, सांसद कंगना रनौत, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा, दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश चंद्र धारी सिंह व प्रतीक जलान, राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश अशोक जैन, इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव सहित कुल 35 प्रतिनिधि शामिल होंगे जिनमें कई सुप्रसिद्ध शिक्षाविद, एडवोकेट, उद्यमी एवं फिल्म निर्माता भी शामिल हैं।







# संभव के अंतर्गत नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में निगम अधिकारियों ने संभव के अंतर्गत जनसुनवाई की। संभव में अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग से प्राप्त हुए। निर्माण विभाग से 10 संदर्भ, डूडा विभाग से 01, स्वास्थ्य विभाग से 03, उद्यान विभाग से 02, प्रकाश विभाग से 02, संपत्ति विभाग से 01, टैक्स विभाग से 01, जलकल विभाग से 4, अतिक्रमण संबंधित 3, अन्य विभाग से 01 संदर्भ प्राप्त हुआ इस प्रकार 29 संदर्भ संभव के दौरान प्राप्त हुए।

### प्राप्त हुए 29 संदर्भ, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

संभव में प्राप्त 29 संदर्भों पर अविलंब कार्यवाही के लिए नगर आयुक्त ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को प्राप्त संदर्भों पर तत्काल कार्यवाही हो सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, महाप्रबंधक जल विजयनारायण मौर्य, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव व अन्य टीम उपस्थित रही।

### अर्थला निवासियों को जलभराव से मिली निजात, पार्षदों ने नगर आयुक्त का किया धन्यवाद

संभव के दौरान वार्ड 14 की पार्षद ओमप्रकाश और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर नगर आयुक्त से चर्चा की तथा अन्य विभागों से भी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्णय लिया गया। वार्ड संख्या 24 से पवन कुमार गौतम द्वारा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर धन्यवाद किया गया। वार्ड संख्या 38 मनोज पाल आर्थला के पार्षदों तथा निवासियों द्वारा जलभराव से निजात दिलाने के लिए नाला निर्माण तथा अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त व टीम का धन्यवाद किया गया।

# कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे कन्हैया मित्तल, कहा- हम राम के थे, हैं और रहेंगे



**चंडीगढ़।** जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे भजन गाने वाले कन्हैया मित्तल ने मंगलवार को कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले को वापस लेने का ऐलान किया है। उन्होंने इस संबंध में बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा, कभी-कभी कुछ लोगों से गलतियां हो जाती हैं। मैं भी उन्हीं लोगों में शुमार हूं, लिहाजा मैंने फैसला किया है कि मैं किसी भी कीमत पर किसी भी सनातनी का दिल नहीं तोड़ूंगा। पिछले दो दिनों में मुझे यह एहसास हुआ है कि मैंने सभी सनातनियों को ठेस पहुंचाई है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मेरी इतनी चिंता करता है। मैं पिछले दो दिनों से देख रहा हूं कि लोग परेशान हैं, इसके लिए मैं माफी मंगाता हूं। उन्होंने कहा, इससे पहले मैंने कहा था कि मैं कांग्रेस में शामिल हो जाऊंगा। अब मैं उस फैसले को वापस लेता हूं। इस फैसले से सनातनियों का दिल टूटा है। मैंने अब किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं करने का फैसला किया है। क्योंकि मैं नहीं चाहता हूं कि किसी भी सनातनी का भरोसा टूटे। इसलिए मैं कांग्रेस में शामिल होने के अपने फैसले को वापस लेने का ऐलान करता हूं। उन्होंने आगे कहा, हम सब मिलकर यही संकल्प लेते हैं कि हम राम के थे, हैं, और रहेंगे। मैं आपसे फिर से माफी मांगता हूं। जब कोई अपना गलती करता है, तो बहुत तकलीफ होती है। मुझे लग रहा था कि मेरा फैसला गलत था। जो फैसला लिया है, वह गलत था, इसलिए मैंने अब उसे वापस ले लिया है। मैं अपने सभी समर्थकों का धन्यवाद करता हूं। मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का भी धन्यवाद करता हूं। ज्ञात हो कि, बीते दिनों कन्हैया मित्तल ने कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया था। दरअसल, वह भाजपा से टिकट चाह रहे थे, लेकिन टिकट नहीं मिलने की संभावना को देखते हुए बाद में उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान कर दिया था। इस ऐलान की राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा हुई थी। कन्हैया मित्तल का भजन 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे'।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 11 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## भगवा कमांडर का जोरदार शॉर्ट गाजियाबाद सदस्यता में आया टॉप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की वर्किंग लगातार अपना असर दिखा रही है। प्राथमिक सदस्यता को लेकर जो उन्होंने पांच लाख का टारगेट लिया है, उसके शुरुआती रिजल्ट दिखाई देने लगे हैं। मंगलवार को सदस्यता अभियान का रिजल्ट आया। देर रात जारी हुए रिजल्ट में गाजियाबाद की शहर विधानसभा में उत्तर प्रदेश की तमाम विधानसभाओं को सदस्यता में पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। देर रात जारी हुए रिजल्ट में गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर 31990 सदस्यता दर्ज हुई। दूसरे नंबर पर दादरी विधानसभा 31390 की सदस्यता रही। तीसरे नंबर पर लखनऊ की विधानसभा बख्शी का तालाब पर 30900 सदस्यता दर्ज हुई। गाजियाबाद विधानसभा के टॉप पर आने के बाद सदस्यता के इस अभियान में रोचक मोड़ लेना शुरू कर दिया है। भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा और उनकी टीम की तारीफ हो रही है।



# ई-रिक्शा बंदी को लेकर कमिश्नरेट की सड़कों पर धरना-प्रदर्शन

## चालकों ने लगाया जाम और पुलिसिया फैसले पर उठाए सवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पहले हापुड़ रोड और अब अंबेडकर मार्ग पर ई-रिक्शा बंद करने का विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को जहां बैटरी रिक्शा संचालकों को लेकर सैकड़ो की संख्या में ई- रिक्शा चालक कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की सड़कों पर उतर आए। तो वहीं उन्होंने पुलिस के इस फैसले का विरोध जताते हुए धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपो कार्यक्रम भी किया है। उधर ई- रिक्शा बंद होने का विरोध खुद भारतीय जनता पार्टी के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर कर रहे हैं। तो उनकी इस आवाज के साथ कांग्रेस, रालोद और समाजवादी पार्टी भी मैदान में उतर आई है।

### विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर से लेकर समाजवादी, कांग्रेस और व्यापारी भी कर रहे हैं ई-रिक्शा बंदी को लेकर विरोध



### ई-रिक्शा चालकों ने किया चार स्थानों पर धरना- प्रदर्शन, पुलिस रही तैनात

**करंट क्राइम ।** मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के चार थानाक्षेत्रों में ई-रिक्शा चालकों ने गाजियाबाद के हापुड़ रोड और अंबेडकर मार्ग पर ई-रिक्शा बंद किए जाने के आदेशों के विरोध में प्रदर्शन किया। सुबह करीब 11:30 बजे बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां उनके साथ कांग्रेस नेता महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी और कांग्रेस नेता नसीम खान थे। जिसमें जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। इसके बाद यह ई-रिक्शा चालक पुराने बस अड्डे पहुंचे और यहां विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकला। जैसे ही सिहानी गेट पुलिस को जुलूस और प्रदर्शन की सूचना मिली, पुलिस वहां पहुंची, तो यह चौधरी मोड़ पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान एक आईपीएस अधिकारी ने कुछ ई-रिक्शा चालकों की पिटाई भी कर दी, ऐसी सूचनाएं सामने आई हैं। वहीं कई ई-रिक्शा चालकों को मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने वहां से भगाने का भी काम किया। उधर नंदग्राम थानाक्षेत्र में 80 फुटा मार्ग पर ई-रिक्शा चालक जाम हो गए। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली पुलिस ने उनको वहां से हटाने का काम किया। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सड़कों पर मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर ई-रिक्शा चालकों का प्रदर्शन और विरोध का कार्यक्रम देखने को मिला है।

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने उठाया ई-रिक्शा बंदी को लेकर सवाल



### कहा क्राइम कंट्रोल से ज्यादा ठेली और ई-रिक्शा बंद कराने पर है ध्यान

**करंट क्राइम ।** मंगलवार को लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने ई-रिक्शा मामले को लेकर अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को रोजगार और स्वावलंबी बनाने के लिए ई-रिक्शा मुफ्त वितरित किया था। उनको रोजगार देने का काम किया गया लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के आदेशों के बाद शहर के दो रूटो पर ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इससे हजारों ई-रिक्शा चालकों की रोजी-रोटी पर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि ई-रिक्शा पाबंदी को लेकर पुलिस अधिकारियों का घेराव भी किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ई-रिक्शा पाबंदी को योगी और मोदी की नीतियों के विरुद्ध बताया है।

### विधायक लोनी ने प्रमुख सचिव गृह को लिखा पत्र

**करंट क्राइम ।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस मामले को लेकर प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखा है। विधायक लोनी ने जिले में बड़ी संख्या में अपराध होने के विषय को भी इसमें गंभीरता से लिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि पुलिस अपराध नियंत्रण पर ध्यान नहीं दे रही है। केवल ई-रिक्शा हटाने पर आमादा है। विधायक नंदकिशोर ने कहा है कि मोदी और योगी स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए जनपद स्तर पर ई-रिक्शा विवरण कार्यक्रम किया गया था लेकिन इन्हीं ई-रिक्शा को लेकर पाबंदी लगाई जा रही है। विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि पहले पुलिस के अधिकारियों ने एक खास मार्ग पर ठेली और रेहड़ी वालों को हटाने का काम किया और अब दो प्रमुख मार्ग से ई-रिक्शा बंद करने का तुगलक्की फरमान भी दिया गया है।





### कांग्रेस अध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन



**करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी और कांग्रेस नेता नसीम खान के नेतृत्व में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर ई-रिक्शा चालकों ने ज्ञापन सौंपा और अपनी रोजी-रोटी के सवाल को अधिकारियों के सामने रखा है। वहीं राष्ट्रीय हिंदू वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यम पंडित ने भी आदोंलन व प्रदर्शन की चेतावनी जारी कर दी है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष ने पुलिस और प्रशासन द्वारा इस फैसले को लेकर विरोध जताया है और कहा है कि ई-रिक्शा वाहन चालक पर्यावरण संतुलन भी बना रहे हैं। इन्हें बंद करना ठीक नहीं है। वहीं महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने भी गाजियाबाद प्रशासन को ई-रिक्शा बंद करने का जो फैसला लिया गया है, उसे वापस लेने की अपील की है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के नेता जीतू शर्मा ने टिर्टी पर प्रतिबंध क्यों, टिर्टी जन आंदोलन। हम लड़ेंगे आपका हक और अधिकार की लड़ाई को लेकर पोस्टर वॉर शुरू करती है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में भारतीय जनता पार्टी के सांसद और महानगर अध्यक्ष भी समझौते वाली भूमिका में आ गए हैं। बुधवार को इसपर अहम फैसला हो सकता है।

### सपा करेगी जन आंदोलन : जीतू शर्मा



**करंट क्राइम ।** समाजवादी पार्टी के समय युवजन सभा जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा ने बाकायदा सोशल मीडिया से लेकर पार्टी के लोगों को टिर्टी पर प्रतिबंध क्यों, टिर्टी जन आंदोलन को लेकर पंपलेट भेजने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि आखिर टिर्टी संचालन बंद करने के पीछे अधिकारियों का तर्क समझ नहीं आ रहा है। इससे गरीबों को परेशानी होगी, साथ ही बाजार आने-जाने का एक सस्ता विकल्प खत्म हो रहा है।

### समाजवादी पार्टी भी आई ई- रिक्शा मामले में आगे



**करंट क्राइम ।** ई- रिक्शा संचालन बंद कराने को लेकर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का कहना है कि प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को अपने इस फैसले पर दोबारा से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ई- रिक्शा पर आम लोग आसानी से सफर कर लेते हैं, इससे कई आय वर्ग पर असर पड़ेगा। साथ ई- रिक्शा वाहन प्रदूषण नियंत्रण के लिए कारगर है, इनको बंद करने से लोगों को परेशानी और वायु प्रदूषण पर भी असर पड़ेगा।



### महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने धरने का दिया अल्टीमेटम

**करंट क्राइम ।** महानगर उद्योग मंडल ई-रिक्शा बंद किए जाने के विरोध में आगे आया है। साथ ही ई-रिक्शा आदेश वापस न होने पर इन्होंने धरना-प्रदर्शन का अल्टीमेट दिया है। व्यापारियों का कहना है कि इस फैसले से पुराने कारोबारी और पुराने बंजारों की रौनक खत्म हो जाएगी। व्यापारी सुभाष गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष और सुभाष छाबड़ा महानगर अध्यक्ष के साथ ही युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू छाबड़ा ने कहा है कि अगर सरकार इसी प्रकार से व्यापारी और आम लोगों के खिलाफ आदेश जारी करती रहेगी तो यह ठीक नहीं है। व्यापारी इसका विरोध करेंगे। साथ ही सरकार के अलग-अलग जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी इस विषय को ऊपर तक पहुंचाया जाएगा।

## 11 सितम्बर से 18 सितम्बर तक भाजपा का चलेगा हर घर सदस्यता सम्पर्क अभियान

### सांसद-विधायक और मेयर भी जायेंगे डोर-टू-डोर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपने सम्पर्क अभियान को व्यापक स्तर पर चला रही है। वो सदस्यता अभियान के जरिए एक बार फिर से अपनी कार्यकर्ता फौज को अपडेट कर रही है। भाजपा के लोकसभा सांसद स्वयं बाजारों में जा रहे हैं और लोगों का सदस्य बना रहे हैं। मिस्डकॉल के जरिए सदस्यता अभियान चल रहा है।

भाजपा अब इस अभियान में और अधिक तेजी लाने जा रही है। बताया जाता है कि नई प्लानिंग में अब भाजपा ने अपने सांसदों, विधायकों और मेयर को भी सदस्तया अभियान के युद्ध में उतार दिया है। इस नई सूची में भाजपा 11 सितम्बर से लेकर 18 सितम्बर तक हर घर सम्पर्क अभियान चलाने जा रही है। भाजपा ने इस अभियान में अपने मेयर, लोकसभा सांसद और विधानसभा सदस्यों को भी उतार दिया है। विधान परिषद सदस्यों से भी सहयोग लिया जा रहा है। गाजियाबाद वैसे भी सोमवार वाली लिस्ट में टॉपर वाली लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। भाजपा एक बार फिर से अपने सदस्यता अभियान को धार देने जा रही है। भाजपा 11 सितम्बर से 18 सितम्बर तक हर घर सम्पर्क अभियान चलायेगी। इस अभियान में उसके सभी पदाधिकारी, मेयर, सांसद और विधायक घर घर जायेंगे, भाजपा के सदस्य बनायेंगे। बताया जाता है कि लोकसभा सांसद, मेयर और विधायकों को बूथ आवंटित किये गये हैं। इन सभी जनप्रतिनिधियों को अपने अपने बूथ पर मिस्डकॉल के जरिए सदस्य बनाने हैं। भाजपा का ये सदस्यता अभियान टारगेट बेस पर चल रहा है और भाजपा ने अपने सभी सदस्यों को टारगेट दिया है। यहां इस रेस में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग आगे चल रहे हैं। अब भाजपा सदस्यता अभियान के लिए नए सदस्य लेकर आ रही है। भाजपा के जनप्रतिनिधि अब घर-घर जायेगे और दरवाजा खट-खटायेंगे। भाजपा के सांसद, विधायक और मेयर इस विशेष अभियान में लोगों से सम्पर्क करेंगे। उनसे ये जानेंगे कि क्या आपने भाजपा की सदस्यता ली है। इसके अलावा वो मोबाईल फोन से मिस्डकॉल लगवाकर सदस्यता अभियान में इजाफा करेंगे। ये अभियान लगातार चलेगा।

### प्रत्येक बूथ पर बनाने हैं 200 सदस्य

**करंट क्राइम।** सदस्यता को लेकर विशेष अभियान चल रहा है। कार्यकर्ताओं को ये निर्देश दिये गये है कि वो सोशल मीडिया पर अपनी सदस्यता का जिक्र जरूर करें, जानकारी दें। 11 से 18 सितम्बर तक चलने वाले अभियान का मुख्य लक्ष्य भी यह है कि अधिक से अधिक सदस्य बनाये जायें। प्रत्येक बूथ पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों को सदस्य बनाने हैं। बताया जाता है कि यहां जनप्रतिनिधियों को भी और सभी बूथ अध्यक्षों को भी टारगेट दिया गया है। एक बूथ पर 200 का लक्ष्य रखा गया है और नगर निगम पार्षदों को भी लक्ष्य दिये गये हैं। सभी को ये निर्देश दिया गया है कि सबको अपने अपने बूथ पर अधिक से अधिक सदस्य बनाने हैं।

## 'ई-रिक्शा पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का रिएक्ट'

# 'जनसुविधा को ध्यान में रखे बिना फैसले लेना तुगलकी फरमान कहे जाते हैं'

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में ई रिक्शा यातायात का एक सुलभ और सस्ता साधन विकसित हुआ है। इससे लोगों को एक दूसरे स्थान पर आने जाने में सुविधा हो गई है. घर से निकलो और गंतव्य के लिए साधन उपलब्ध है। शेयर करना चाहो शेयर करो और न करना चाहो अकेल चले जाओ दोनो व्यवस्था हैं। अब अचानक पुलिस ने कुछ मार्गो पर ई रिक्शा का चलना प्रतिबंधित कर दिया है और घोषणा की है कि निकट भविष्य में अन्य कई मार्गो से ई रिक्शा का संचालन बंद करने जा रही है। ये संभव है कि कुछ स्थानों पर ई रिक्शा के संचालन से यातायात के सुगम संचालन में व्यवधान हो .इस कारण से पुलिस प्रशासन ने ये निर्णय लिया हो लेकिन ये निर्णय आम लोगों के लिए असुविधा उत्पन्न करने वाला है। कानून व्यक्ति के लिए है , व्यक्ति कानून के लिए नहीं है. अगर किसी चौराहे पर ज्यादा ट्रैफिक बाधित होता है तो उस कट को बंद करना उचित समाधान नहीं है . हां वहां यू टर्न बनाना उचित होता है।

**पुलिस प्रशासन का ये फैसला एक तो लोगों की समस्या को बिना ध्यान में रखे किया गया है। दूसरे प्रतिगामी है, फिर आदमी को आदमी खींचे उस अमानवीय युग में लौटाने वाला है।**



**जन सुविधा को ध्यान में रखे बिना फैसले लेना तुगलकी फरमान कहे जाते हैं। ये सारे फैसले ही सरकार की लोकप्रियता को प्रभावित करते हैं, बिना लोगों की सुविधा पर विचार किए किसी सुविधा को वापिस लेना उचित फैसला नहीं है।**

**ये संभव है कि कुछ स्थानों पर ई रिक्शा के संचालन से यातायात के सुगम संचालन में व्यवधान हो .इस कारण से पुलिस प्रशासन ने ये निर्णय लिया हो लेकिन ये निर्णय आम लोगों के लिए असुविधा उत्पन्न करने वाला है।**

**भारत सरकार के यातायात मंत्री श्री नितिन गडकरी इस बात का श्रेय लेते हैं कि मैंने व्यक्ति द्वारा खींची जाने वाली रिक्शा को ई रिक्शा चलाकर बंद कर दिया है क्योंकि वह अमानवीय है।**

ई रिक्शा पिछले कुछ समय में दूर दराज के लिए व्यक्ति के लिए और समान पहुंचाने के लिए एक साधन विकसित हुआ है. भारत सरकार के यातायात मंत्री श्री नितिन गडकरी इस बात का श्रेय लेते हैं कि मैंने व्यक्ति द्वारा खींची जाने वाली रिक्शा को ई रिक्शा चलाकर बंद कर दिया है क्योंकि वह अमानवीय है. उसमें एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को खींचता है। पुलिस प्रशासन का ये फैसला एक तो लोगों की समस्या को बिना ध्यान में रखे किया गया है। दूसरे प्रतिगामी है. फिर आदमी को आदमी खींचे उस अमानवीय युग में लौटाने वाला है। अगर यह बहुत आवश्यक और जनोपयोगी फैसला है तो फिर ऐसे रास्तों को निर्धारित करना पड़ेगा कि बिना मुख्य मार्गो पर चले ई रिक्शा अपने दूरदराज के गंतव्य तक पहुंच जाय और उसे कुछ चौराहों पर मुख्य मार्गो को पार करने की अनुमति देनी होगी। जन सुविधा को ध्यान में रखे बिना फैसले लेना तुगलकी फरमान कहे जाते हैं. ये सारे फैसले ही सरकार की लोकप्रियता को प्रभावित करते हैं.बिना लोगों की सुविधा पर विचार किए किसी सुविधा को वापिस लेना उचित फैसला नहीं है।

जब हम वकालत करते थे तब कई ऐसी घटनाएं संज्ञान में आती थी कि पुलिस का सिपाही भी राह चलते बदमाश को उसके हाव भाव से पकड़ लेता था। अब तो लगभग सभी पुलिस वाले फोन में व्यस्त रहते हैं . उनके पास आने जाने वालों को ऑब्जर्व करने का समय ही नही होता, या तो वह बेचारा फोन करने में व्यस्त है या सुनने में व्यस्त है. अब जब से पुलिस के पास बंद गाडियां आई हैं तब से तो पता नहीं चलता लेकिन जिप्सी और जीप के जमाने में तो गाड़ी में बैठे बड़े अधिकारी भी फोन में ही व्यस्त रहते थे. चौराहों पर तो अब अपवाद को छोड़कर या तो फोन का उपयोग चालान के लिए किया जा रहा है या उसमें कुछ देखने में ही गुजरता है। पता नहीं विज्ञान का ये आविष्कार कितना उपयोगी है लेकिन प्रत्यक्षत तो ये कर्तव्य निर्वाह में बाधक बना हुआ है।

## संपादकीय

# पैरालंपिक में भारत की उड़ान

अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं कि इतने बड़े देश के खिलाड़ी उपलब्धियों की कसौटी पर पीछे क्यों रह जाते हैं। हाल ही में पेरिस में हुए ओलंपिक में पदक-तालिका में भारत की स्थिति को लेकर मायूसी, चिंता और अफसोस की स्थिति देखी गई। मगर अब पेरिस में ही हुए पैरालंपिक खेल प्रतियोगिता में भारत को जिस तरह की कामयाबी मिली है, उसे अब तक के ऐसे आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है।

गौरतलब है कि इस बार 2024 के पेरिस पैरालंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले के मुकाबले सबसे ज्यादा पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया। भारत के हिस्से में कुल उनतीस पदक आए, जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य पदक हैं। इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भारत ने उन्नीस पदक जीते थे। कहा जा सकता है कि वक्त के साथ भारत के खिलाड़ियों की क्षमता में गुणात्मक सुधार आया है और यह गहरी प्रतिबद्धता और मेहनत का नतीजा है।

यह सही है कि पैरालंपिक और ओलंपिक में खेल और उसमें पदकों की अहमियत के स्तर अलग-अलग हैं। ओलंपिक में जहां खिलाड़ी के शरीर की क्षमता का परीक्षण होता है, तो पैरालंपिक में हिस्सा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की कसौटी पर आंके जाते हैं। इसमें यह भी उजागर होता है कि शारीरिक रूप से अन्य तरह से सक्षम खिलाड़ियों की खोज, उनके प्रशिक्षण, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं, अवसर और उन पर खर्च के मामले में देश की सरकार ने कैसा रुख अपनाया है।

पिछले दो दशकों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों का रुख सकारात्मक रहा है। इसका साफ असर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन पर देखा जा रहा है, जहां भारतीय खिलाड़ी खेलों की दुनिया में उम्मीद की राह बना रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि खेल का मैदान इसीलिए होता है कि उसमें जीत हासिल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा कोशिश की जाए। जीत गए तो उससे बेहतर करने और नहीं जीते तो अगली बार जीत के लिए फिर से खुद को तैयार करने की राह पर चलते रहने की प्रक्रिया जारी रखी जाए।

# भारत में बीते 15 महीने में पहली बार घटी बिजली की मांग, हाइड्रो एनर्जी का उत्पादन बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत में बिजली की अधिकतम मांग अगस्त महीने में घटकर 217 गीगावाट रह जाने का अनुमान है, जो एक साल पहले 238 गीगावाट थी। मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिसर्च एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अगस्त में बिजली की मांग सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत गिरकर 144 बिलियन यूनिट्स (बीयू) रह गई है। बिजली की मांग में कमी ऐसे समय पर देखने को मिल रही है, जब अगस्त में औसत से 7 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। बीते महीने जुलाई में बिजली की मांग में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी। अप्रैल से अगस्त अवधि के दौरान सालाना आधार पर बिजली की मांग में 7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अगस्त 2024 में बिजली का अनुमानित उत्पादन 155 बीयू का रहा है। इसमें सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसके अलावा कोयला और रिन्यूएबल एनर्जी में क्रमशः 3 और 13 प्रतिशत की गिरावट हुई है। हालांकि, बारिश अच्छी होने के कारण हाइड्रोपावर जनरेशन में 7.6 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। बारिश कम होने के कारण इससे पहले दो महीने लगातार हाइड्रोपावर उत्पादन में कमी हुई थी। रिपोर्ट में आगे बताया गया, बिजली की मांग में नरमी पूरे भारत में देखने को मिली है। उत्तर और पश्चिम भारत में सालाना आधार पर बिजली की मांग क्रमशः 10 प्रतिशत और 6 प्रतिशत कम हुई है। दक्षिण पश्चिम मानसून अगस्त में देश के सभी हिस्सों में पहुंच गया। इसके कारण 31 बांधों में जलस्तर बढ़ गया। इससे हाइड्रोपावर उत्पादन में एक प्रतिशत की बढ़त हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वित्त वर्ष 25 में बिजली की मांग 6.5 से 7.5 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। इसकी वजह मौसम में आने वाला बदलाव है, जिसमें पहली तिमाही की हीटवेव और उत्तर भारत में जुलाई में हुई कम बारिश शामिल है।

# म्यूचुअल फंड्स का एयूएम 65 लाख करोड़ रुपए के पार

## एसआईपी ने बनाया नया रिकॉर्ड



**मुंबई।** भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) अगस्त में बढ़कर 65 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एम्फी) की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। यह पहला मौका है, जब देश में म्यूचुअल फंड्स का कुल एयूएम 65 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया है। अगस्त में इक्विटी फंड्स में 38,239 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। इसमें मासिक आधार पर 3.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जुलाई में म्यूचुअल फंड का एयूएम 37,113 करोड़ रुपए बढ़ा था। यह लगातार चौथा महीना है, जब इक्विटी म्यूचुअल फंड में 34,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश हुआ है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए होने वाले निवेश का आंकड़ा अगस्त में 23,547 करोड़ रुपए रहा है और पिछले महीने यह 23,332 करोड़ रुपए का था। डेटा के मुताबिक, अगस्त में स्मॉलकैप फंड्स में इनफ्लो 52 प्रतिशत बढ़कर 3,209.33 करोड़ रुपए, मिडकैप फंड्स में निवेश 86 प्रतिशत बढ़कर 3,054.68 करोड़ रुपए, लार्जकैप फंड्स में इनफ्लो 293 प्रतिशत बढ़कर 2,636.86 करोड़ रुपए हो गया है। समीक्षा अवधि में डेट म्यूचुअल फंड में 45,169.36 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि यह लगातार 42वां महीना है, जब इक्विटी से जुड़ी स्कीमों में निवेश में बढ़त देखने को मिली है। अगस्त में फोलियो की संख्या 3.16 प्रतिशत बढ़कर 14.3 करोड़ हो गई है, जो कि जुलाई में 13.8 करोड़ थी। अगस्त में कुल छह नई म्यूचुअल फंड स्कीम लॉन्च हुई है और इन नए फंड्स ने कुल मिलाकर 11,067 करोड़ रुपए एकत्र किए हैं।

# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद, निफ्टी फिर 25,000 के पार



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। यह लगातार दूसरा दिन था, जब बाजार में बढ़त हुई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 361 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,921 और निफ्टी 104 अंक या 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,041 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अधिक खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 691 अंक या 1.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,039 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 220 अंक या 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,317 पर था। बाजार में उतार-चढ़ाव दशार्ने वाला इंडेक्स इंडिया विक्स 6.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.36 पर बंद हुआ था, जो दिखाता है कि बाजार में स्थिरता है। एनएसई पर आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा सबसे अधिक बढ़ने वाले इंडेक्स थे। केवल ऑयल गैस, पीएसयू बैंक और फिन सर्विस ही लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, विप्रो, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टीसीएस, टाइटन, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे। बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, एसबीआई और रिलायंस टॉप लूजर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि पिछले हफ्ते हुई गिरावट के बाद बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। इसकी वजह अच्छे मानसून और त्योहारी सीजन के चलते मजबूत मांग का बने रहना है। हालांकि, अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव और फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती जैसे बड़े इवेंट के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह 9:22 बजे सेंसेक्स 139 अंक या 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,698 और निफ्टी 52 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,988 पर था।

# वैश्विक तनाव, डिजिटलाइजेशन और जलवायु परिवर्तन विकास को दे रहे नया आकार : डब्ल्यूटीओ



**जेनेवा।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की। जिसमें कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव, डिजिटल क्रांति और जलवायु परिवर्तन का असर व्यापार-आधारित विकास पर पड़ रहा है। 2024 की वर्ल्ड ट्रेड रिपोर्ट में डब्ल्यूटीओ ने अनुमान लगाया है कि वैश्विक कारक जैसे भू-राजनीतिक तनाव, क्षेत्रीय संघर्ष और व्यापार प्रतिबंधों ने पिछले 30 वर्षों में विश्व आर्थिक विकास की स्थिर नींव को प्रभावित किया है, जिससे व्यापार में विखंडन का खतरा बढ़ गया है। दूसरी ओर, आधुनिक निर्माण की बढ़ती पूंजी और कौशल की तीव्रता ने निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में निर्माण-आधारित विकास की गुंजाइश को कम कर दिया है। इसी बीच, जलवायु परिवर्तन इन देशों के लिए और भी बड़ी चुनौतियां पेश कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट ने इन वैश्विक प्रवृत्तियों द्वारा लाए गए नए अवसरों को भी रेखांकित किया है। उदाहरण के लिए, विकासशील अर्थव्यवस्था डिजिटलाइजेशन के माध्यम से व्यापार लागत कम कर सकती हैं, सेवा-आधारित विकास की ओर रुख कर सकती हैं, या वैश्विक हरित परिवर्तन में रिन्यूएबल रिसोर्सेज की मांग का लाभ उठा सकती हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, रिपोर्ट में इस बात के पुख्ता सबूत पेश किए गए हैं कि 30 साल पहले डब्ल्यूटीओ की स्थापना के बाद से व्यापार ने अर्थव्यवस्थाओं के बीच आय असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला ने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा, शायद इस रिपोर्ट की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसमें गरीबी कम करने और साझा समृद्धि पैदा करने में व्यापार की परिवर्तनकारी भूमिका की पुनः पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा, लेकिन दूसरी सबसे बड़ी बात यह है कि वैश्वीकरण के पिछले 30 वर्षों के दौरान पीछे छूट गए अर्थव्यवस्थाओं और लोगों के लिए व्यापार और विश्व व्यापार संगठन को बेहतर बनाने के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1996 और 2021 के बीच सकल घरेलू उत्पाद का उच्च व्यापार हिस्सा निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से जुड़ा हुआ था, जिससे उन्हें उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के साथ प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में अंतर को कम करने में मदद मिली।

## राशिफल

**मेष :** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा।

**वृष :** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी।

**मिथुन :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**कर्क :** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह :** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें।

**कन्या :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं।

**तुला :** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें।

**वृश्चिक :** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है।

**धनु :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें।

**मकर :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**मीन :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें।

## चुटकुले

बस में बैठी हुई एक खूबसूरत युवती की गोद में कुत्ते का पिल्ला देखकर एक वृद्ध महिला ने कहा-बेटी अगर इस पिल्ले की जगह तुम्हारी गोद में कोई नन्हा-मुन्ना बच्चा होता, तो तुम्हारी सुंदरता में चार चांद लग जाते। युवती ने बुरा सा मुंह बनाकर कहा-मैं शादीशुदा नहीं हुं।

---

कबाडी की दुकान पर एक संगीतकार ने अपनी वायलिन दिखाते हुए पूछा-क्या दोगे ? कबाडी-इस टूटे-फूटे वायलिन का तो दस रुपया दूगा। संगीतकार -बस दस रुपये ? इसे बजाना बन्द करने के लिए पचास रुपये तो मेरे पडोसी दे रहे थे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है। बालों को पोषण प्रदान करता है और मजबूत बनाता है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम


K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## सेलेब्रिटी जन्मदिन



मोहन भागवत
आरएसएस प्रमुख

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

11 09 2024

# आज के जन्मदिन



पलक चौधरी, देव शर्मा, लिवांश गर्ग, वैष्णवी कौशिक, भाव्या प्रजापति, शिखा वर्मा, लवली त्यागी, सुषमा सिंह, प्रज्ञा चमौला, संगीता श्रीवास्तव, इरज राजा आईपीएस अधिकारी



अमिताभ ठाकुर पूर्व आईपीएस, पं. आरडी शर्मा, संजीव शर्मा, कुलदीप चौहान, राहुल चतुर्वेदी, चन्द्रांशु त्यागी, विक्की पंडित, अरूण चौधरी, बृजेश सिंह, दक्ष अरोड़ा, अमित कुमार



जगरूप सिंह, जय प्रकाश, विष्णु शर्मा, आदित्य शिशौदिया, अमित कुमार गोयल, अमित शर्मा, नौशाद आलम, निक्की कुंडू, रोबिन प्रधान, राज त्यागी, आशीष नागर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पेरिस पैरालंपिक पदक विजेताओं के लिए हुआ नकद पुरस्कार का एलान



**नई दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने नकद पुरस्कार का एलान किया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। भारत ने हाल ही में संपन्न इन खेलों में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और सात स्वर्ण सहित कुल 29 पदक अपने नाम किए थे। पेरिस में स्वर्ण जीतने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख रुपये, रजत पदक पाने वालों को 50 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये देने का निर्णय लिया गया है। इनके अलावा मिश्रित टीम में शामिल पदक विजेताओं को 22.5 लाख रुपये दिए जाएंगे।

**'लॉस एंजिलिस पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए मिलेगा पूर्ण समर्थन'**

मांडविया ने 2028 लॉस एंजिलिस पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में चार पदकों से, भारत ने टोक्यो में 19 पदक और पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।

### विजेताओं को स्वदेश पहुंचने पर हुआ स्वागत

भारत ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ पैरालंपिक खेलों के इतिहास में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया। पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को स्वदेश वापस लौटने पर सैकड़ों प्रशंसकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अपने ऐतिहासिक अभियान का समापन 29 पदकों के साथ किया जिसमें सात स्वर्ण के अलावा नौ रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

### भारत ने तोड़ा टोक्यो का रिकॉर्ड

भारत के लिए पेरिस पैरालंपिक सबसे सफल पैरालंपिक साबित हुआ है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 इससे पहले भारत का सबसे सफल पैरालंपिक रहा था। उसमें भारत ने 54 एथलीट्स भेजे थे और 19 पदक जीतने में कामयाब रहे थे। इनमें पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक शामिल थे। भारत ने 20वां पदक जीतते ही टोक्यो पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके अलावा सात स्वर्ण जीतकर भारत ने टोक्यो के पांच स्वर्ण के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

# इंटरकॉन्टिनेंटल कप के दौरान भारत 'शारीरिक रूप से तैयार नहीं था' : मार्क्वेज



**हैदराबाद।** मुख्य कोच मनोलो मार्क्वेज के नेतृत्व में भारत का पहला मुकाबला निराशाजनक रहा। सीरिया से 0-3 से हारने और मॉरीशस के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद टीम गोल अंतर के आधार पर टूनामेंट में अंतिम स्थान पर रही।

मैच के बाद, मार्क्वेज ने स्वीकार किया कि मॉरीशस के खिलाफ उनके खेल में सुधार के कुछ संकेत तो मिले, लेकिन सीरिया के खिलाफ टीम शारीरिक रूप से तैयार नहीं थी। सीरिया से हार के बाद मार्क्वेज ने कहा, यह सभी पहलुओं में एक कठिन टूनामेंट था। टीम शारीरिक रूप से तैयार नहीं है। हमारे सभी खिलाड़ी प्री-सीजन में हैं। शारीरिक और तकनीकी रूप से, सीरिया बेहतर था। मॉरीशस के खिलाफ, खेल बहुत बराबरी का था। कम से कम, यह सच है कि दूसरा हाफ ठीक था। हम गोल करने के हकदार थे। तीन-शून्य बिल्कुल भी उचित प्रतिबिंब नहीं है।

पहले हाफ के अंत में 1-0 से पिछड़ने के बावजूद, भारतीय आक्रमण ने दूसरे 45 मिनट में जोरदार वापसी की और कई मौके बनाए, लेकिन किसी को भी भुना नहीं पाए। सीरिया ने जवाबी हमले में ब्लू कोल्ट्स को कड़ी टक्कर दी और दो और गोल किए। मार्क्वेज ने कहा, हमें पता था कि सीरिया का मजबूत पक्ष जवाबी हमला था। हम हाफ-टाइम में 0-1 से हार रहे थे, और हमें पता था कि हमें जोखिम उठाने की जरूरत है। हम यह भी जानते थे कि वे खेल को खत्म कर सकते हैं, जैसा कि उन्होंने आखिरी 15 मिनट में किया। लेकिन मुझे लगता है कि हाफ-टाइम से लेकर दूसरे हाफ के 30वें मिनट तक प्रदर्शन ठीक-ठाक था। हमारे पास खेल में बराबरी करने के कुछ स्पष्ट मौके थे।

भारत के लिए अगला एजेंडा अक्टूबर में वियतनाम में होने वाला त्रिकोणीय दोस्ताना टूनामेंट है। भारत का सामना मेजबान और लेबनान, दोनों उच्च रैंकिंग वाली टीमें हैं, से नाम दिन्ह शहर के थिएन ट्रॉन्ग स्टेडियम में होगा। इंडियन सुपर लीग का नया सीजन 13 सितंबर से शुरू हो रहा है। लीग 6 अक्टूबर से अगले फीफा इंटरनेशनल मैच विंडो के लिए ब्रेक लेगी। मार्क्वेज को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति अगले दौरे के लिए बेहतर होगी क्योंकि यह घरेलू सत्र के बीच में होगा।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, जाहिर है, मुझे लगता है कि हर कोच अधिक प्रशिक्षण लेना चाहता है। जब आपके पास बहुत अधिक प्रशिक्षण सत्र नहीं होते हैं तो यह मुश्किल होता है। मैंने पहले कहा था कि हमें अपने विचार के अनुकूल खिलाड़ियों का सही समूह खोजने की आवश्यकता है। यह लक्ष्य है क्योंकि आईएसएल अब शुरू होगा और हम देखेंगे कि खिलाड़ी कैसे हैं। हमें हार के बाद भी आगे बढ़ते रहना होगा। मुझे पता है कि यह मुश्किल है, लेकिन इसका एकमात्र समाधान काम करते रहना है।

# दूसरे दौर के लिए बीसीसीआई ने किया टीमों का एलान




**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे दौर के लिए मंगलवार को चारों टीमों के स्क्वॉड की घोषणा कर दी गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 12 सितंबर से अनंतपुर में शुरू हो रहे मुकाबलों के लिए टीम का एलान किया है। आगामी मैचों के लिए इंडिया ए, इंडिया बी और इंडिया डी की टीम में कुछ बदलाव हुए हैं। वहीं, इंडिया सी की टीम बिना किसी बदलाव के खेलती नजर आएगी। इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव और आकाश दीप को बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। अब ये खिलाड़ी 19 सितंबर से शुरू हो रहे टेस्ट मैच की तैयारियों में जुटेंगे।

**मयंक अग्रवाल को मिली इंडिया ए की कप्तानी**

चयनकर्ताओं ने गिल की जगह प्रथम सिंह (रेलवे), केएल राहुल की जगह अक्षय वाडकर (विदर्भ) और ध्रुव जुरेल की जगह एसके रशीद (आंध्र प्रदेश) को टीम में शामिल किया है। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे जबकि आकिब खान (यूपीसीए) टीम में आकाश दीप की जगह लेंगे। वहीं, मयंक अग्रवाल को इंडिया ए का कप्तान बनाया गया है।

## गिल और केएल की जगह किसको मिला मौका

### रिंकू सिंह को मिला मौका

इंडिया बी के यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उनकी जगह चयनकताओं ने क्रमश: सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को टीम का हिस्सा बनाया है। तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। सरफराज खान को भी भारतीय टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, वह दूसरे दौर के मैच में खेलेंगे। हिमांशु मंत्री (मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ) को दयाल की जगह इंडिया बी में शामिल किया गया है।

### अक्षर पटेल की जगह इन्हें मिला मौका

दूसरे दौर के लिए इंडिया की टीम में भी बदलाव हुआ है। दरअसल, अक्षर पटेल को आगामी टेस्ट के लिए टीम इंडिया में चुना गया है। ऐसे में इंडिया डी में स्टार ऑलराउंडर की जगह हरियाणा के निशांत सिंधू को चुना गया है। तुषार देशपांडे चोट के कारण दूसरे दौर से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंडिया ए के विद्वाथ कावरप्पा को शामिल किया जाएगा।

### इन टीमों में हुए बदलाव..

**इंडिया ए :** मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, अवेश खान, कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी, आकिब खान।

**इंडिया बी :** अभिमन्यू ईश्वरन (कप्तान), सरफराज खान, मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीसन (विकेटकीपर), सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह, हिमांशु मंत्री (विकेटकीपर)।

**इंडिय सी :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायदे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, संजू सैमसन (विकेटकीपर), निशांत सिंधू, विदवथ कावेरप्पा।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में स्टीव स्मिथ के ओपनिंग रोल को लेकर हो रही है चर्चा : एंड्रयू मैकडोनाल्ड



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले स्टीव स्मिथ की टेस्ट बैटिंग पोजिशन को लेकर चर्चा चल रही है ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने इस बात का खुलासा किया है। स्टीव स्मिथ को डेविड वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरूआत करने का मौका मिला था। हालांकि इस पोजीशन पर उनका प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। स्मिथ ने चार टेस्ट मैचों में 28.50 की औसत से रन बनाए हैं, जबकि उनका करियर औसत 56.97 का है। पिछले एक दशक से ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी का मजबूत स्तंभ रहे स्मिथ का ओपनिंग में खराब प्रदर्शन टीम के लिए चिंता का विषय बन गया है। मैकडॉनल्ड ने 'एसईएन' से बात करते हुए बताया, यह हर किसी के मन में सवाल है। हम इस पर ध्यान दे रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई पक्का फैसला नहीं लिया गया है। इसके बारे में बहुत सारी अटकलें हैं, लेकिन अगर मैं कहूं कि इस पर बात नहीं हो रही है, तो यह झूठ होगा। उन्होंने आगे कहा, आने वाली टेस्ट सीरीज को लेकर कई 'अगर-मगर' पर बातचीत चल रही है। हम सभी चीजों का खुलासा करेंगे। फिलहाल हम देखना कि अगर स्टीव स्मिथ शील्ड क्रिकेट खेलते हैं तो न्यू साउथ वेल्स के कोच ग्रेग शिपर्ड क्या करते हैं। हम कोच को अपने प्लान के बारे में भी बताएंगे। मैकडॉनल्ड ने यह भी बताया कि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस भी स्मिथ की बैटिंग पोजिशन तय करने में भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, मैं इस समय ज्यादा कुछ शेयर नहीं कर सकता, लेकिन इतना कह सकता हूं कि चर्चा चल रही है। जाहिर तौर पर कप्तान पैट कमिंस इसका बड़ा हिस्सा हैं, जो फिलहाल रिहैब में हैं और हमारे साथ नहीं हैं। हमने सिडनी में गर्मियों की योजनाओं को लेकर पहले कुछ बातचीत की थी, जिसमें बॉलिंग और अन्य संभावनाओं पर चर्चा की गई थी। अगर हम स्टीव स्मिथ को ओपनिंग से हटाते हैं, तो किसी और को वहां जाना होगा। हमने कैमरन ग्रीन को नंबर चार पर सफल होते देखा है। लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। यह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज होगी।

# भारत के खिलाफ बांग्लादेश के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 19 सितंबर से शुरू होने जा रही है। दोनों देशों के बीच अब तक हुई 8 टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को जीत नहीं मिली है। यहां तक कि बांग्लादेश टीम भारत के खिलाफ अब तक एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। बांग्लादेश इस बार पाकिस्तान को उसकी ही धरती पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप के साथ भारत आ रहा है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम से शुरू होने जा रही यह सीरीज रोमांचक साबित हो सकती है। इस टेस्ट सीरीज के मौके पर बांग्लादेश के ऐसे बल्लेबाजों पर एक नजर डालते हैं जो भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा सफल रहे हैं। इसमें अनुभवी मुशफिकुर रहीम का नाम सबसे ऊपर है। बांग्लादेश बल्लेबाजी की रीढ़ मुशफिकुर रहीम, 604 रन, दो शतकों और दो अर्धशतकों के साथ, भारत के खिलाफ बांग्लादेश टेस्ट टीम के एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरते हैं। भारत के खिलाफ 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 43.14 की औसत उनकी निरंतरता को दर्शाती है, जबकि 52.79 का स्ट्राइक रेट उनकी आक्रामकता को प्रदर्शित करता है। नंबर दो पर मोहम्मद अशरफुल हैं। बांग्लादेश के पूर्व बल्लेबाज अशरफुल ने भारत के खिलाफ 6 टेस्ट मैच खेले हैं जिनकी 11 पारियों में 42.88 की औसत के साथ 386 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट लगभग 70 का रहा था जो काफी तेज है। इसके अलावा नाबाद 158 का उच्चतम स्कोर उनकी क्षमता को दशार्ता है। हालांकि अशरफुल अपने ओवरऑल टेस्ट करियर में कभी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाए थे। नंबर तीन पर शाकिब अल हसन जैसे दिग्गज ऑलराउंडर का नाम आता है जिन्होंने बांग्लादेशी बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हालांकि भारत के खिलाफ उनकी औसत केवल 26.85 की ही रह जाती है। शाकिब ने भारत के खिलाफ 8 टेस्ट मैचों की 14 पारियों में 376 रन बनाए हैं। महमूदुल्लाह और तमीम इकबाल जैसे खिलाड़ियों ने भी अपनी बल्लेबाजी से टीम को मजबूती प्रदान की है। महमूदुल्लाह ने भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की 10 पारियों में बांग्लादेश के लिए 43.37 की शानदार औसत के साथ बैटिंग की है। तमीम इकबाल इस लिस्ट में 5वें नंबर पर शामिल हैं।

# अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट: दूसरे दिन भी वही हाल, गीली आउटफील्ड के कारण खेल रद्द



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड पर अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को खेल भी गीली आउटफील्ड के कारण बिना कोई गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। पूरे दिन कई निरीक्षण किए गए, जिसके बाद दोपहर 3:04 बजे खेल को आखिरकार रद्द कर दिया गया। ग्राउंडस्टाफ ने अभ्यास क्षेत्र से घास का एक हिस्सा काट दिया था और उसे मैदान के गीले हिस्से पर ले आया था, लेकिन समाधान कारगर नहीं हुआ। सुपर सोपर्स पहले दिन से ही आउटफील्ड को खेल के लिए तैयार करने में लगे हुए थे। पहले दिन की तरह, टेस्ट के दूसरे दिन भी बारिश नहीं हुई, लेकिन शहर में रात भर कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई। आउटफील्ड के गीले हिस्से को सुखाने के लिए कई बिजली के पंखे लाए गए और उन्हें नीचे की ओर करके रखा गया। लेकिन अंपायरों को लगा कि सतह खेलने के लिए पर्याप्त सुरक्षित नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाड़ी दोपहर 1 बजे मैदान पर पहुंचे और मुख्य पिच के बगल में स्ट्रिप पर नेट सेशन किया। मौजूदा टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले महीनों में श्रीलंका और भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले कीवी टीम के पास उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों के अनुकूल होने का अवसर है। दूसरी ओर, इस साल की शुरूआत में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ दो एकतरफा टेस्ट खेलने वाली अफगानिस्तान की टीम 2021 के बाद से अपनी पहली रेड-बॉल जीत की तलाश में है।

# नाडा के निलंबन के खिलाफ बजरंग ने किया दिल्ली हाई कोर्ट का रुख, इस टूनार्मेंट में लेना चाहते हैं हिस्सा



**नई दिल्ली।** अल्बानिया में अक्टूबर में होने वाली सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से पहले पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने निलंबन पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है।

21 जून को नाडा ने पूनिया को दूसरी बार निलंबित किया था। एजेंसी ने उनके खिलाफ औपचारिक नोटिस ऑफ चार्ज जारी किया था, जिससे वह प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य हो गए। अब पहलवान ने दावा किया है कि एजेंसी का यह आचरण उनके किसी पेशे को अपनाने और आजीविका कमाने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि मनमाना निलंबन नहीं हटाया गया तो उन्हें सेवानिवृत्त होने के लिए मजबूर किया जाएगा।

# राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप: शुभी गुप्ता ने लड़कियों के अंडर-16 वर्ग में स्वर्ण और अंडर-20 वर्ग में कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी शुभी गुप्ता ने श्रीलंका के कलूटारा में हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप 2024 में लड़कियों के अंडर-16 वर्ग में स्वर्ण और लड़कियों के अंडर-20 वर्ग में कांस्य पदक जीता। महिला फिडे मास्टर (डब्ल्यूएफएम) और मौजूदा अंडर-19 लड़कियों की राष्ट्रीय चैंपियन शुभी ने अंडर-16 वर्ग में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सात जीत और दो ड्रॉ हासिल करके एक स्थायी छाप छोड़ी।

संभावित नौ में से आठ अंकों के असाधारण स्कोर के साथ, उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया और भारत की मृतिका मलिक (सात अंक) और यशवी जैन (6.5 अंक) से आगे रहीं, जिन्होंने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। शुभी ने ओपन कैटेगरी में अपनी प्रतिस्पर्धी भावना का परिचय दिया, जिसमें उन्होंने अनुभवी ग्रैंडमास्टर्स (जीएम), इंटरनेशनल मास्टर्स (आईएम) और महिला ग्रैंडमास्टर्स (डब्ल्यूजीएम) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की। उनके दृढ़ प्रदर्शन ने 4.5 अंक हासिल किए, जिससे अंडर-20 गर्ल्स डिवीजन में तीसरा स्थान हासिल हुआ, जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। अपनी सफलता पर विचार करते हुए शुभी ने कहा, यह एक शानदार अनुभव था, कुछ शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना। मुझे खुशी है कि मैं अंडर-16 और ओपन दोनों कैटेगरी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर पाई। कॉमनवेल्थ अंडर-12 खिताब और वर्ल्ड कैडेट चैंपियनशिप जीतना मेरी यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर थे, और इस नवीनतम सफलता ने मेरे आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। मैं इस साल कई और ओपन टूनार्मेंट खेलने और अपने खेल में सुधार जारी रखने के लिए उत्सुक हूं।

शुभी की शानदार उपलब्धियों के साथ उन्हें 1,00,000 रुपये की पुरस्कार राशि भी मिली है, जो उनकी बढ़ती हुई उपलब्धियों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। गाजियाबाद की इस युवा प्रतिभा को पहली बार उनके पिता ने शतरंज से परिचित कराया था और उन्होंने लगातार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने इससे पहले कॉमनवेल्थ यूथ शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-12 में स्वर्ण पदक जीता था और दो साल पहले इसी आयु वर्ग में विश्व कैडेट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।

# महिला टी20 विश्व कप: न्यूजीलैंड की टीम घोषित, डिवाइन, बेट्स रिकॉर्ड 9वीं बार खेलेंगी



**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने यूएई में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स लगातार 9वीं बार आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में हिस्सा लेंगी। इस अनुभवी जोड़ी ने 2009 में टूनार्मेंट की शुरूआत के बाद से महिलाओं के मेगा इवेंट के हर संस्करण में भाग लिया है। विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से हटने वाली डिवाइन टीम की अगुवाई करेंगी। वह ट्रॉफी के साथ अंत की उम्मीद करेंगी, जो टीम को टूनार्मेंट के पहले दो संस्करणों 2009 और 2010 में उपविजेता रहने के बाद से नहीं मिली है। डिवाइन ने कहा, टी 20 विश्व कप महिलाओं के खेल के विकास और वृद्धि में एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं शुरूआत से ही इस टूनार्मेंट का हिस्सा रही हूं। मैं विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के एक और अवसर का इंतजार कर रही हूं। विकेटकीपर बल्लेबाज इजी गेज आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अनुभव के बिना टीम की एकमात्र सदस्य हैं। मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि विश्व कप टीम में शामिल होना एक विशेष अवसर है। सॉयर ने कहा, इस टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई। विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मैं इस टीम से वास्तव में खुश हूं, मुझे लगता है कि ये हमारी सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित रूप से विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने में माहिर हैं। न्यूजीलैंड को ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वे 4 अक्टूबर को भारत के खिलाफ अपने पहले ग्रुप मैच से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेंगे। टीम टूनार्मेंट की तैयारी के लिए मैके और ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलने के लिए 16 सितंबर को रवाना होगी।

### न्यूजीलैंड की टीम:

सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेघ कास्पेरेक, अमेलिया केर, जेस केर, रोजमेरी मेयर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू

निगम का है प्रयास ग्रीनरी को मिले बढ़ावा, हरा-भरा हो शहर हमारा

# शहर में एक और बनेगा मियांवकी फॉरेस्ट







● निगम ने शासन को भेजी डीपीआर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर को हरा-भरा बनाए रखने के लिए प्रयासरत है जिसके क्रम में उद्यान विभाग द्वारा शहर में अनेकों स्थान पर मियांवकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण का कार्य कराया है। सिद्धार्थ विहार हो या प्रताप विहार सभी जोन में जन-जन को जागरूक करते हुए वृहद रूप में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में एक और मियांवकी फॉरेस्ट बनाने की तैयारी निगम द्वारा की गई है, जिसकी डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है। स्वीकृति उपरांत महरौली वार्ड संख्या 24 में गाजियाबाद नगर निगम के स्कूल बालिका इंटर कॉलेज के सामने निगम की रिक्त पड़ी भूमि पर मियांवकी फॉरेस्ट बनाया जायेगा।



### लगभग डेढ़ एकड़ में बनाया जाएगा मियांवकी फॉरेस्ट

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बताया कि उपवन योजना के क्रम में शहर वासियों के लाभ हेतु मियांवकी फॉरेस्ट बनाने के लिए तैयारी जोरों से चल रही है शासन को डीपीआर भेजी जा चुकी है। स्वीकृति उपरांत निविदा प्रक्रिया पूर्ण कराई जायेगी तथा लगभग डेढ़ एकड़ में मियांवकी फॉरेस्ट बनाया जाएगा, जिससे शहरवासियों को भी लाभ होगा तथा स्कूल के सामने होने के कारण बालिकाओं को भी इसका लाभ प्राप्त होगा। लगभग 1 करोड़ 75 लाख की लागत का प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही हेतु अग्रसित किया गया है।

### लगभग 1 एकड़ में मियांवकी पद्धति से होगा पौधरोपण

**करंट क्राइम।** महरौली में बनने वाले मियांवकी फॉरेस्ट की प्लानिंग उद्यान विभाग द्वारा की जा रही है जिसमें लगभग 1 एकड़ में मियांवकी पद्धति से पौधरोपण होगा। शेष क्षेत्रफल में आधुनिक पार्क को व्यवस्थित किया जाएगा जिसमें घूमने के लिए फुटपाथ, व्यायाम के लिए ओपन जिम, बच्चों के लिए झूले, तथा पार्कों में टहलने के लिए फुटपाथ को व्यवस्थित किया जाएगा। पेयजल तथा पौधों की सिंचाई के लिए नलकूप की व्यवस्था भी की जाएगी। बैठने के लिए स्थान पर बेंच की व्यवस्था भी की जाएगी। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें प्लांटेशन का कार्य अभियान के रूप में चल रहा है। उपवन योजना में तैयार किए प्रस्ताव को स्वीकृतियों के उपरांत रफ्तार दी जाएगी।

# अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु प्रवर्तन जोन-5 का किया गया निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु प्रवर्तन जोन-5 के सहायक अभियन्ता परशुराम एवं अवर अभियन्तागण योगेश वर्मा व सचिन अग्रवाल द्वारा मंगलवार को जोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हिण्डन धर्मकांटे के पास एन.टी.पी.सी. रोड, ग्राम-पिपलेहड़ा, जिला-हापुड़ पर लगभग 10000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में इमरान खान, आमिर खान पुत्रगण इमामुद्दीन द्वारा अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवॉल, सड़क, सीवर लाईन आदि को विधिवत ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए निर्देश दिये गये कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई कार्य न कराया जाये तथा जोन से सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा सुपरवाइजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत



निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः प्रारम्भ न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियां जारी रहेंगी। तत्क्रम में निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद. विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी



वादग्रस्त/विवादित निर्माण में भवनों का क्रय-विक्रय न करें।

इंदिरापुरम मंडल ने लगाया सदस्यता अभियान कैंप

# इंदिरापुरम मंडल सदस्यता अभियान में कीर्तिमान स्थापित करेगा : हरमीत बख्शी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी इंदिरापुरम मंडल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान कैंप मंडल में जगह-जगह चल रहे हैं। इंदिरापुरम मंडल में इस अभियान का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी कर रहे हैं। हरमीत बख्ती की अध्यक्षता में मंडल के सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं भाजपा के समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ इस अभियान में भाग ले रहे हैं।

सदस्यता अभियान के अंतर्गत मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कैंप लगाए जा रहे हैं, जहां पार्टी कार्यकर्ता क्षेत्रवासियों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने बताया कि यह अभियान पूरे इंदिरापुरम मंडल में निरंतर जारी रहेगा और इसमें क्षेत्र के निवासियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इंदिरापुरम मंडल इस अभियान में गाजियाबाद जिले में उल्लेखनीय योगदान देते हुए एक कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस अभियान से पार्टी का जनसंपर्क और भी सशक्त होगा,





जिससे आम जनमानस में पार्टी के प्रति उत्साह और समर्थन बढ़ेगा। इस अवसर पर पार्षद प्रीति जैन, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, अनिल कटारिया, देवाशीष, धीरज शर्मा, सतीश कसाना, संजय गुप्ता, विनोद त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक सम्पन्न

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने संगठन के ऊपर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति होती है।

मासिक बैठक में अनेको समाज की गतिविधि को आगे बढ़ाने के लिए हर वक्त तत्पर रहने वाले ब्राह्मण पंडित विनीत शर्मा विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किये गए। बीके शर्मा हनुमान ने पंडित विनीत शर्मा राष्ट्रीय महासचिव की घोषणा करते हुए कहा कि आप की समाज के प्रति जागरूकता एवं सक्रियता एवं कर्मठता की दृष्टिगत करते हुए आप को विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा पंजी. मे आपको राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किए जाते हैं। इस अवसर पर विश्व



ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के संस्थापक कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, कपिल पंडित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव योगेश दत्त गौड़, लोकेश कौशिक राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, रघुनंदन भारद्वाज राष्ट्रीय महासचिव, संस्थापक उपाध्यक्ष आरसी शर्मा, संगठन मंत्री देवेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला शक्ति प्रकोष्ठ, सीमा भार्गव, शिवकुमार शर्मा संगठन मंत्री सागर शर्मा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कौशिक राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवाशीष ओझा, राष्ट्रीय संयोजक अशोक भारतीय, सचिन भारतीय कार्यालय मंत्री संजय शुक्ला हिडन पार क्षेत्र अध्यक्ष, देवेंद्र कुमार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,की संस्तुति पर घोषित किए गए।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने दिया सोनल नागर को सक्रियता का ईनाम

## महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष अब संभालेंगी पूरे जिले की कमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में अगर आप अच्छी पारी खेलते हैं तो फिर आपकी बारी भी आती है। सियासत में एक्टिविटी और कनैक्टिविटी का अहम रोल है। सियासत में संगठन से लेकर बड़े पदाधिकारियों से टयूनिंग का अपना ही रोल होता है। महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष सोनल नागर इन मानकों पर खरी उतरी हैं और उन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा की संस्तुति पर गाजियाबाद महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उत्तर प्रदेश



वेस्ट जोन महिला कांग्रेस की अध्यक्ष भारती त्यागी ने सोनल नागर के जिला अध्यक्ष बनने का पत्र जारी किया है। सोनल नागर अब गाजियाबाद महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष होंगी। इससे पहले सोनल नागर महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर रहीं हैं। अभी उनके स्थान पर कोई नई नियुक्ति नहीं है। गाजियाबाद महिला कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में सोनल नागर को नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के नेता इसे उनकी सक्रियता का ईनाम मान रहे हैं।


### छात्रा से युवक ने की छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की हिसाली रोड पर साइकिल पर अपनी नानी के घर जा रही कक्षा ग्यारह की छात्रा के साथ स्कूटी सवार युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। युवक ने छात्रा का दो सौ मीटर तक पीछा भी किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 18 वर्षीय कक्षा ग्यारह की छात्रा है। छात्रा सोमवार शाम को साइकिल से नानी के घर जा रही थी। स्कूटी सवार एक युवक ने उसका पीछा किया। इसी बीच युवक ने अपनी स्कूटी रोक ली और बीच सड़क पर नग्न अवस्था में हो गया। विरोध करने पर स्कूटी सवार युवक वहां से फरार हो गया। छात्रा ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




## बढ़ानी होगी खुफिया वालों को नेटवर्किंग

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते कुछ दिनों से ई-रिक्शा वाला मामला गर्माया हुआ है। तो वही भगवा दल वाले विधायक जी विषय को लेकर ताल ठोंकते हुए नजर आ रहे हैं, तो वहीं पुलिस उस जाल में घिरती चली जाती है जहां वो चाहते हैं। बीते दिनों उन्होंने कई प्रकरणों पर सीधे पुलिस पर आरोप लगाए, तो अब कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में खुफिया विभाग वालों को अपनी नेटवर्किंग बढ़ाने पर जोर देना होगा। सुनने में आया है कि पास वाले कमिश्नरेट में प्रमुख राजनेताओं के कार्यक्रम को लेकर गाजियाबाद को विशेष अलर्ट पर रखा गया है। वहीं मंगलवार को जिस तरीके का गाजियाबाद की सड़कों पर सीन हुआ और बुधवार को उस सीन का फिर रिएक्शन और समाधान के लिए प्रयास होने की जानकारी भी मिल रही है, वहीं आगामी भगवान गणेश के पूजन और विसर्जन को लेकर भी खुफिया विभाग को अपना डाटा तैयार करना है। इसी के साथ लोकल पुलिस से नेटवर्किंग बढ़ाने के साथ ही सोसाइटी और मीडिया इंपोर्टेंस को महत्व देना पड़ सकता है। सूब के प्रमुख से लेकर पुलिस के प्रमुख मीडिया संवाद सरल-सुलभ बनाने के बयान जारी हैं, पर कमिश्नरेट सिस्टम का अलग अंदाज दिख रहा है। ई- रिक्शा वाला मामला वर्तमान में बड़ा मुद्दा बन रहा है, क्योंकि आगामी चुनाव भी लगभग उसी इलाके में है, जहां ई-रिक्शा का अधिक साम्राज्य है। उधर




खाकी और खादी वाले इस पूरी लड़ाई में आमने-सामने हैं। तो पीछे वह ई- रिक्शा चालक हैं जो मजबूरी और अपने पेट के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। मंगलवार को जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के चार अलग-अलग थानाक्षेत्रों और जिला मुख्यालय पर बड़ी संख्या में ई-रिक्शा वालों का प्रदर्शन हुआ है, वह लोकल खुफिया तंत्र की कमजोरी भी दशा गया है। एक आईपीएस अधिकारी को ई-रिक्शा वालों पर हाथ साफ करने पड़े तो कई थानेदार दिनभर अपनी माइक मोबाइल दौड़ाते रहे। कुल मिलाकर अब खुफिया वालों को अपनी नेटवर्किंग मजबूत करनी होगी। त्यौहारी सीजन के साथ इलेक्शन का टाइम और ऐसे में भगवा विधायक की अटेंशन के बाद जो टारगेट वार है, उससे काफी कुछ माहौल बदल रहा है। कुल मिलाकर खुफिया वालों के नए एसीपी आए हैं, तो नीचे का स्टाफ पुराना है। अधिकारियों को कर्मचारियों पर भरोसा जताना होगा और इनपुट जुटाने के लिए थोड़ा पसीना भी बहाना होगा। त्यौहारी सीजन में छोटी छोटी बात और गड़बड़ी कब बड़ी हो जाती हैं, यह अंदाजा अधिकारियों को बखूबी होता है। देखना होगा खुफिया नेटवर्क वाले अपनी नेटवर्किंग कितनी मजबूत करते हैं और कितना समय लेते हैं।

# संगठन पर्व है भाजपा सदस्यता अभियान : संजीव शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के संविधान के तहत चलने वाला सदस्यता अभियान हमारे लिए संगठन पर्व है। राजनगर मंडल में आयोजित सदस्यता अभियान कैंप में पहुंचकर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में बूथों पर जाकर सदस्य बनाने की बात कहते हुए बताया कि हमें अभी कैम्प का इस्तेमाल केवल आम लोगों में प्रचार-प्रसार हेतु लगाकर अल्पावधि के लिए बैठना है, वैसे तो अभी हमें बूथों पर सदस्यता को केंद्रित करना है। कैंप की शुरंआत विधिवत 20 सितंबर से करते हुए अपने मंडलों में अधिक से अधिक सदस्यता कैंप लगाकर सुबह से शाम तक डंटे रहना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व लोकसभा सांसद डॉक्टर रमेश चंद्र तोमर ने बताया कि बस एक मिस्ड काल से कार्यकर्ताओं सहित आम आदमी भी भाजपा का प्राथमिक सदस्य बन जाता है। मगर कार्यकर्ता को अपनी उपस्थिति में उसका पूरा प्रोसेस कराते हुए सदस्यता पहचान पत्र शो होने तक अपने कार्य को अंजाम देना है। तभी एक व्यक्ति की सदस्यता पूर्ण होगी।





### सदस्यता अभियान कैंप में गणमान्य लोग उपस्थित रहे

राजनगर के हिंट चौक पर राजनगर मंडल द्वारा आयोजित कैंप में सदस्यता अभियान को गति देने के लिए भाजपा के पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद तोमर, पूर्व नगर अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, सदस्यता अभियान के महानगर संयोजक पप्पू पहलवान, मंडल प्रभारी रनीता सिंह, प्रवासी सुशील गौतम, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद पप्पू नागर, राजेंद्र तितौरिया, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक पूर्व मंडल अध्यक्ष विनित शर्मा, मंडल महामंत्री मनोज गिरी, अमित गोस्वामी, हरेंद्र यादव, सिमरन रंधावा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में किसान की मौत




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में रावली सुराना मार्ग पर गांव रावली कलां के पास सड़क हादसे में घायल हुए मंगत त्यागी की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव रावली कलां निवासी कौशल त्यागी अपने पिता के साथ गत पांच अगस्त की रात को ज्वार की फसल डालने के लिए मुरादनगर आए थे। जब वह रावली सुराना मार्ग पर गांव रावली कलां पुलिस चौकी से पहले पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। तुरन्त उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार देर रात मेरठ के अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



## सेवा संकल्प



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुष्पांजली महिला सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा प्रसाद ने मदद अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों को राशन और वस्त्र वितरित किए। उन्होंने अपने जन्मदिन पर सेवा संकल्प के साथ यह वितरण कार्य किया। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था पहले से ही शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# बिन पानी सब सून : पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने जताया रोष





● बोलीं, चार दिन से नहीं आ रहा पानी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 57 न्यायखण्ड 2 में पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने विरोध जताया। महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र में पानी की सप्लाई चार दिन से बाधित है। रात को उठ-उठकर देखना पड़ता है कि पानी आया या नहीं। ऐसे में पानी का संकट बना रहता है। इसको लेकर कई बार शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों को ऑफिस जाते समय नहाने के लिए भी पानी नहीं है, जल्द



मंजू



हेमा जोशी

समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग मटके लेकर सड़कों पर आ जाएंगे। क्षेत्रवासी महिला मंजू ने बताया कि पिछले 1 साल से उनकी ब्लॉक के लोग पानी सप्लाई की समस्या से परेशान हैं। जब भी मांग करते हैं तो केवल आश्वासन दे देते हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जाता। इसको लेकर पहले भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया लेकिन समाधान नहीं हुआ। पीने का पानी एक जार 25 रुपये का आता है, कब तक मोल का पानी पिएं। अगर जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो जीडीए कार्यालय पहुंचकर मटका फोड़ प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय निवासी हेमा जोशी ने बताया कि पानी की किल्लत से परेशान क्षेत्र की सभी महिलाएं पार्षद कार्यलय पहुँचीं और पार्षद राधेश्याम त्यागी को अपनी समस्या से अवगत कराया।

### 100 बार जीडीए के चक्कर काटे, नहीं हुआ पानी का समाधान : राधेश्याम त्यागी



राधेश्याम

**करंट क्राइम।** पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि न्यायखण्ड 2 में महीनों से पानी की समस्या बनी हुई है, इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। हर बार कोई ना कोई बहाना बना देते हैं।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Munna Singh is with Anand Kalra and 98 others at जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
29m ·

प्रिय सुपुत्र इंजिनियर अभिषेक राज सिंह ऋतिक को जन्मदिन की हार्दिक बधाई शुभकामनायें आशीर्वाद आप खूब तरक्की करें आगे बड़े आप सभी का आशीर्वाद प्यार स्नेह सदा मिलता रहे आप के आशीर्वाद का अभिलाषी 11/09/24



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज मुन्ना सिंह के सुपुत्र अभिषेक राज सिंह का हैप्पी बर्थडे है। बेटे के जन्मदिन पर पिता ने उसके लिए जीवन में सर्व मंगल सफलता की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




## शहजादी शेखा माहरा ने मचाई खलबली

# पति से तलाक के बाद लॉन्च किया 'डायवोर्स' परफ्यूम

**दुबई।** यूएई के उपराष्ट्रपति और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी शहजादी शेखा माहरा एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पति शेख माना बिन मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम को तलाक देकर सुर्खियां बंटोरी थीं। अब माहरा ने एक नए परफ्यूम को लॉन्च करके लोगों का ध्यान खींच लिया है। दरअसल, परफ्यूम का नाम 'डायवोर्स' रखा है। इसकी वजह से सोशल मीडिया पर जमकर इसकी बात हो रही है।

दुबई की 30 वर्षीय राजकुमारी ने अपने ब्रांड माहरा एम 1 के तहत डायवोर्स नाम से परफ्यूम लॉन्च किया है। दुबई के शासक की बेटी ने इसकी जानकारी सोमवार को इंस्टाग्राम पर दी। उन्होंने प्रोडक्ट का एक टीजर साझा किया है। उनकी पोस्ट में एक काली रंग की सुंदर बोतल पर डायवोर्स लिखा हुआ दिखाया गया है। वहीं, टीजर में टूटे हुए कांच, काली पंखुड़ियों और एक काले पैंथर को दिखाया गया। टीजर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

**दुबई की 30 वर्षीय राजकुमारी ने डायवोर्स नाम से परफ्यूम लॉन्च किया**

### इसलिए शहजादी ने दिया तलाक

शेखा माहरा ने जुलाई में अपने पति को सार्वजनिक रूप से तलाक दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसका एलान किया था। माहरा ने लिखा था, 'प्रिय पति, चूंकि आप किसी और के साथ हैं, इसलिए मैं अपने तलाक का एलान करती हूं। मैं आपको तलाक देती हूं, मैं आपको तलाक देती हूं और मैं आपको तलाक देती हूं, अपना ख्याल रखें। आपकी पूर्व पत्नी।'

### कौन हैं शेख माहरा?

शेखा माहरा का जन्म 26 फरवरी, 1994 को यूएई के दुबई में हुआ था। वह 30 साल की हैं। शेखा माहरा की जड़ें अमीराती और ग्रीक दोनों हैं, क्योंकि उनकी मां जो ग्रिगोराकोस ग्रीस से हैं। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा दुबई के एक निजी स्कूल में हासिल की और बाद में उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई थीं। उन्होंने ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय से इंटरनेशनल रिलेशन में डिग्री हासिल की है और मोहम्मद बिन राशिद सरकारी प्रशासन से कॉलेज की डिग्री भी ली है। शेखा माहरा ने मई 2023 में शेख माना बिन मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम से शादी की थी। उन्होंने इसी साल मई में एक बेटी को जन्म दिया था, जिसका नाम उन्होंने शेखा माहरा बिंत माना बिन मोहम्मद अल मकतूम रखा है। हालांकि, शेखा माहरा ने जुलाई महीने में अपने तालाक का सार्वजनिक एलान किया था।

# 'मैं नरेंद्र मोदी से नफरत नहीं करता...'

## आरएसएस कुछ धर्मों-भाषाओं को नीचा समझती है : राहुल



### आरएसएस के बहाने भाजपा पर राहुल गांधी का हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में छात्रों-शिक्षकों से बातचीत के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, भारत भाषाओं, परंपराओं और धर्मों का एक संघ है, जब भारतीय लोग अपने धार्मिक स्थलों पर जाते हैं, तो वे अपने देवता के साथ विलीन हो जाते हैं। यह भारत की प्रकृति है।

इस दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस की गलतफहमी यह है कि वे सोचते हैं कि भारत अलग-अलग चीजों का एक समूह है, मैं नरेंद्र मोदी से नफरत नहीं करता, मैं उनके दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं, लेकिन मैं उनसे नफरत भी नहीं करता। कई मौकों पर मैं उनके साथ सहानुभूति रखता हूं।

वहीं राहुल गांधी ने आरएसएस के बहाने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष किया और कहा कि सत्ताधारी पार्टी यह नहीं समझती कि देश सबके लिए है, जबकि नागपुर में मुख्यालय रखने वाले उनके लिए केवल एक विचारधारा महत्वपूर्ण है।

वर्जीनिया के हर्नडन में एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता ने भारत की विविधता का उदाहरण देने के लिए भोजन की थाली में अलग-अलग व्यंजनों का जिक्र किया।

**राहुल गांधी ने आरएसएस पर लगाए आरोप :** राहुल गांधी ने आगे आरोप लगाया कि आरएसएस का मानना है कि कुछ राज्य और समुदाय दूसरों से कमतर हैं। इसी बात को लेकर लड़ाई है।

हमारा मानना है कि सभी का अपना इतिहास, परंपरा और भाषा है। उनमें से हर एक उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कोई और। अगर कोई आपसे कहे कि आप तमिल नहीं बोल सकते तो आप क्या करेंगे? आपको कैसा लगेगा? आप कैसे प्रतिक्रिया देंगे? यही आरएसएस की विचारधारा है - कि तमिल, मराठी, बंगाली, मणिपुरी - सभी निम्न भाषाएं हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, लड़ाई इस बात पर है कि हम किस तरह का भारत चाहते हैं। क्या हम ऐसा भारत चाहते हैं, जहां लोगों को वह मानने की अनुमति हो जो वे मानना चाहते हैं?... या हम ऐसा भारत चाहते हैं, जहां केवल कुछ लोग ही तय कर सकें कि क्या होने वाला है।

## 2024 का चुनाव नहीं था निष्पक्ष : सैम पित्रोदा

**वाशिंगटन।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ अमेरिका के दौरे पर मौजूद भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने 2024 में हुए लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि 2024 का आम चुनाव निष्पक्ष नहीं था, भारत के लोगों ने सुनिश्चित किया कि भाजपा को 400 सीटें न मिलें। पित्रोदा ने कहा कि उनका मानना है कि लोगों ने लोकतंत्र के लिए वोट दिया है। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों में से हूं जो दृढ़ता से मानते हैं कि चुनाव वास्तव में निष्पक्ष नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि चुनावों के दौरान भारत के लोग संविधान के लिए चिंतित थे।



**ईवीएम से निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं :** भारत में चुनावों से जुड़े एक सवाल पर सैम पित्रोदा ने कहा, मतदाताओं ने लोकतंत्र के लिए वोट डाले। भारत के लोगों ने सुनिश्चित किया कि भाजपा को 400 से अधिक सीटें न मिलें। हालांकि, चुनाव निष्पक्ष नहीं थे...दुर्भाग्य से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की प्रक्रिया, संपूर्ण लॉजिस्टिक्स और क्या गलत हो सकता है?

# जीसीसी की बैठक में बोले एस. जयशंकर, 'गाजा संघर्ष में युद्धविराम का समर्थन करता है भारत'

**रियाद।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत गाजा में जारी युद्ध को लेकर गहरी चिंता में है और इस्राइल व हमासस के बीच संघर्ष में युद्धविराम का समर्थन करता है। जयशंकर ने यह बयान सऊदी अरब की राजधानी रियाद में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की पहली मंत्री स्तरीय बैठक के दौरान दिया।



जयशंकर ने कहा, गाजा की मौजूदा स्थिति हमारे लिए सबसे ज्यादा चिंता का विषय है। भारत की इसको लेकर स्थिति सुसंगत और सिद्धांत आधारित रही है। हम आतंकवाद और बंधक बनाए जाने की घटनाओं की भी निंदा करते हैं। लेकिन निर्दोष नागरिकों की लगातार मौत से हम भारी दुख में हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्रवाई में मानवीय कानून के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए। हम जल्द से जल्द युद्धविराम का समर्थन करते हैं।

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा द्वि-राज्य समाधान के जरिए फलस्तीन के मुद्दे के समाधान का समर्थन किया है और फलस्तीनी संस्थानों और क्षमताओं के निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने कहा, जहां तक मानवीय स्थिति का सवाल है, हमने राहत प्रदान की है तथा संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को अपना सहयोग बढ़ाया है।

जीसीसी एक प्रभावशाली समूह है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का जीसीसी देशों के साथ व्यापार 184.46 अरब डॉलर था। गाजा पट्टी में इस्राइल और हमास के बीच बीते 11 महीनों से युद्ध जारी है। पिछले साल सात अक्तूबर को गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास ने इस्राइल पर हमला किया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 250 अन्य का अपहरण कर लिया गया। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने गाजा में हमले किए, जिससे व्यापक तबाही हुई और लगभग 40,000 लोग मारे गए।

जयशंकर ने कहा कि रणनीतिक वार्ता के लिए पहली भारत-जीसीसी मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेना उनके लिए बहुत खुशी की बात है।

# माले में आग की घटना पर भारतीय उच्चायोग अलर्ट

### कहा- हम प्रभावित भारतीयों के संपर्क में हैं

**माले।** मालदीव की राजधानी माले शहर में आग लगने की घटना पर दुख जताते हुए भारतीय उच्चायोग ने बचाव और राहत प्रयासों के लिए मालदीव के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि आग में किसी की जान नहीं गई या कोई गंभीर चोट नहीं आई और हम प्रभावित भारतीय नागरिकों को सहायता प्रदान करने के लिए उनके संपर्क में हैं।

**एक्स पर भारतीय उच्चायोग ने व्यक्त किया दुख :** मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने माइक्रोब्लागिंग साइट एक्स पर लिखे एक पोस्ट में कहा, एचसीआई ने 9 सितंबर को माले शहर की एक इमारत में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर दुख व्यक्त किया है। किसी की जान नहीं गई या कोई गंभीर चोट नहीं आई। हम बचाव और राहत प्रयासों के लिए मालदीव के अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों को अपेक्षित सहायता प्रदान करने के लिए उनके संपर्क में हैं।

**दो विदेशी अस्पताल में भर्ती :** बता दें कि मालदीव में भारतीय उच्चायोग का यह बयान माले में सोसुन मागु पर मौजूद एक कैफे की रसोई में आग लगने के बाद आया है। वहीं इस हादसे को लेकर पुलिस ने कहा है कि इलाके में सड़क पर मौजूद दो विदेशियों, एक पुरुष और एक महिला को धुएं से दम घुटने के कारण अस्पताल ले जाया गया।

# भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने में किए महत्वपूर्ण निवेश : कर्ट कैंपबेल

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया में चल रहे भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (इंडस-एक्स) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा है कि अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण निवेश किया है और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए एक मजबूत एजेंडे पर काम कर रहा है। कैंपबेल ने आगे कहा कि वाशिंगटन और नई दिल्ली में लगातार प्रशासन ने साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए समय और राजनीतिक पूंजी का निवेश किया है।




**एक मजबूत एजेंडे पर कर रहे हैं काम- कर्ट कैंपबेल :** अमेरिकी डिप्टी सेक्रेटरी कर्ट कैंपबेल ने कहा, अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने में महत्वपूर्ण निवेश किया है और हम शेष वर्ष के लिए सहयोग को गहरा करने के लिए न सिर्फ कूटनीतिक रूप से, बल्कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर पहल (आईसीईटी) के माध्यम से भी एक मजबूत एजेंडे पर काम कर रहे हैं।

**'इंडस-एक्स के शुभारंभ के बाद बढ़ाए गए एजेंडे' :** इस दौरान कर्ट कैंपबेल ने कहा, हमारे रक्षा प्रतिष्ठानों, अनुसंधान संस्थानों, निजी उद्योग और स्टार्टअप्स के पास प्रतिभा की गहरी उपलब्धता और नवाचार के लिए ललक है, यही वजह है कि इंडस-एक्स को नए विचारों, अनुसंधान और विकास के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र और साझेदारी बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। उन्होंने कहा कि दोनों देश पहले की तुलना में वर्तमान में एक दूसरे से अधिक करीब हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत ने इंडस-एक्स के शुभारंभ के बाद से एक वर्ष से अधिक समय में शिखर सम्मेलनों, संयुक्त चुनौतियों और आदान-प्रदान के महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाया है।

# चीन में खुलेंगे विदेशी अस्पताल, भारतीय और विदेशी कॉरपोरेट को इसमें करना पड़ सकता है कई चुनौतियों का सामना

**बीजिंग।** अब चीन के भी कुछ शहरों में विदेशी अस्पताल खोलने की तैयारी है। चीन सरकार के एक दस्तावेज के मुताबिक विदेशी निवेश से यह अस्पताल बीजिंग, तियानजिन, शंघाई, नानजिंग, सूजौ, फूजौ, गुआंगजौ, शेन्जेन और पूरे हैनान द्वीप में खोलने की अनुमति दी जाएगी। चीन के इस कदम के बाद भारतीय कॉरपोरेट स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्साह है। कई कॉरपोरेट घराने यहां निवेश करने के लिए तैयार हैं। लेकिन विशेषज्ञ बताते हैं कि भारतीय और विदेशी कॉरपोरेट को चीन में निवेश में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।




चीन के वाणिज्य मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग और राष्ट्रीय चिकित्सा उत्पाद प्रशासन ने एक संयुक्त दस्तावेज में कहा कि अस्पतालों की स्थापना के लिए शर्तों, आवश्यकताओं और प्रक्रियाओं के बारे में बाद में घोषणा की जाएगी। चीन के पायलट मुक्त व्यापार क्षेत्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगडोंग और मुक्त व्यापार बंदरगाह हैनान में विदेशी उद्यमों को मानव स्टेम सेल, जीन निदान और उपचार से संबंधित प्रौद्योगिकियों के विकास और अनुप्रयोग की अनुमति है। यहां स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों का पंजीकरण, लॉन्च और उत्पादन किया जाता है।

दस्तावेज में कहा गया है कि उद्यमों को चीन के कानून और नियमों का पालन करते हुए मानव आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, दवा क्लीनिकल परीक्षण, दवा पंजीकरण, उत्पादन और नैतिक समीक्षा से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। उन्हें प्रबंधन प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए भी कहा जाता है।

चीन ने 2014 में भी इस तरह की घोषणा की थी। इसमें कुछ भारतीय कॉरपोरेट अस्पतालों में दिलचस्पी दिखाई थी। इसके बाद देश के शीर्ष कॉरपोरेट अस्पतालों के स्वास्थ्य पेशेवरों ने चीन का दौरा किया था और अपने नेटवर्क को चीन तक विस्तारित करने में रुचि व्यक्त दिखाई थी, लेकिन आगे कुछ नहीं हो सका। विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन में इस क्षेत्र में निजी कंपनियों को आमंत्रित करने से चिकित्सा संसाधनों की बाधा कम होगी। हालांकि भारतीय कॉरपोरेट अस्पतालों को चीन में उद्यम स्थापित करने में द्विपक्षीय तनाव के असर का सामना करना पड़ सकता है।

चीन की घोषणा पर सिप्ला (चीन) फार्मास्यूटिकल्स के उपाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रमुख श्रीधर सुब्रमण्यम ने कहा कि यह सकारात्मक विकास है। उन्होंने कहा कि कई साल पहले शंघाई में यह प्रयोग किया गया था। बाद में इसे बदल दिया गया। अब इसे फिर से शुरू किया जा रहा है।

# 'गाजा में संघर्ष विराम की पेशकश', संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटरेस बोले- इस स्तर का मौत-विनाश कभी नहीं देखा

**संरा.।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने सोमवार को इस्राइल और हमास के बीच गाजा में चल रहे संघर्ष विराम की निगरानी करने की पेशकश की। अपने सात साल से अधिक के कार्यकाल में उन्होंने गाजा संघर्ष को अब तक की सबसे बुरी घटना बताया। साथ ही गाजा में मौत और विनाश को रोकने की मांग की।




गुटरेस ने एक साक्षात्कार में कहा, यह सोचना अवास्तविक है कि संयुक्त राष्ट्र गाजा संघर्ष को रोकने में भूमिका निभा सकता है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को इस्राइल द्वारा स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है। लेकिन, 'संयुक्त राष्ट्र किसी भी संघर्ष विराम का समर्थन करने के लिए उपलब्ध रहेगा।' संयुक्त राष्ट्र के पास 1948 से मध्य पूर्व में एक सैन्य निगरानी मिशन है, जिसे यूएनटीएसओ के नाम से जाना जाता है। गुटरेस ने कहा, 'हमारी ओर से, यह उन परिकल्पनाओं में से एक थी, जिसे हमने मेज पर रखा है।' गुटरेस ने कहा, 'बेशक, अंतरराष्ट्रीय समुदाय हमसे जो भी मांगेगा, हम वह करने के लिए तैयार रहेंगे। सवाल यह है कि क्या पार्टियां इसे स्वीकार करेंगी, और विशेष रूप से क्या इस्राइल इसे स्वीकार करेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'गाजा में हम जिस स्तर की पीड़ा देख रहे हैं, वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव के रूप में मेरे जनादेश में अभूतपूर्व है। मैंने इस स्तर की मौत और विनाश कभी नहीं देखा, जैसा कि हम पिछले कुछ महीनों में गाजा में देख रहे हैं।'

गुटरेस ने जोर देकर कहा कि दशकों पुराने इस्राइल-फलस्तीनी संघर्ष का दो-राज्य समाधान न केवल व्यवहार्य है, बल्कि यह एकमात्र समाधान है। उन्होंने अलंकारिक रूप से पूछा कि क्या विकल्प व्यवहार्य है।

संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य लोग फलस्तीनी राज्य का समर्थन करते हैं, लेकिन इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दो-राज्य समाधान के आह्वान का विरोध किया है। नेतन्याहू और उनकी सरकार ने संयुक्त राष्ट्र पर इस्राइल विरोधी होने का आरोप लगाया है और गाजा में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय अभियानों की अत्यधिक आलोचना की है।

### भारत संयुक्त राष्ट्र में लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूलभूत स्तंभ : गुटरेस

संयुक्त राष्ट्र में भारत की साख दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जहां एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा था कि सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। वहीं, अब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने भी भारत को संयुक्त राष्ट्र में लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक मूलभूत स्तंभ बताया है।

## जिंदगी हर कदम इक नई जंग है...जीत जाएंगे हम....

# राजकुमारी केट मिडलटन का कीमोथेरेपी उपचार पूरा

**लंदन।** ब्रिटेन में वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने चल रहे कैंसर के इलाज के बारे में अपडेट दिया है। सोमवार को एक वीडियो संदेश में बताया कि उन्होंने अपना कीमोथेरेपी उपचार पूरा कर लिया है। अब वह कैंसर मुक्त रहने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

इसी तरह 22 मार्च को 42 वर्षीय केट मिडलटन ने एक वीडियो मैसेज जारी किया था, जिसमें उन्होंने कैंसर होने की पुष्टि की थी।

इस दौरान उन्होंने कहा था कि कैंसर के अज्ञात रूप के इलाज पर ध्यान केंद्रित करने के चलते वह शाही कर्तव्यों से पीछे हटेंगी। इसके बाद से वह सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आई थीं।

वर्तमान में जारी किए गए वीडियो संदेश में, राजकुमारी मिडलटन अपने पति प्रिंस विलियम और तीन बच्चे- प्रिंस जॉर्ज, प्रिंसेस चार्लोट और प्रिंस लुइस के साथ पूर्वी इंग्लैंड में अपने नॉरफॉक परिवार के घर पर समय बिताती दिखाई दीं। केट ने कहा, 'जैसे ही गर्मियां खत्म हो रही हैं, मैं आपको बता नहीं सकती कि आखिरकार मेरा कीमोथेरेपी उपचार पूरा होना कितनी राहत की बात है। पिछले नौ महीने एक परिवार के रूप में हमारे लिए अविश्वसनीय रूप से कठिन रहे हैं।'

वेल्स की राजकुमारी ने आगे कहा, पिछले कुछ महीनों ने उन्हें और उनके पति और ब्रिटिश सिंहासन के उत्तराधिकारी को जीवन में सरल लेकिन महत्वपूर्ण चीजों के लिए प्रतिबिंबित करने और आभारी होने की याद दिलाई है, जिन्हें हममें से कई लोग अक्सर हल्के में लेते हैं। मडलटन ने कहा, मैंने कीमोथेरेपी पूरी कर ली है, लेकिन उपचार और पूरी तरह से ठीक होने का रास्ता लंबा है।

मुझे हर दिन का समय आने पर इसे लेना जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैंसर मुक्त रहने के लिए मैं जो कर सकती हूं वह सब करूंगी। मिडलटन ने आगे कहा कि वह काम पर वापस आने और आने वाले महीनों में कुछ और सार्वजनिक कार्यक्रम करने की उम्मीद कर रही हैं, जब भी संभव हो। केट ने आगे कहा, 'पहले जो कुछ भी हो चुका है, उसके बावजूद, मैं आशा की एक नई भावना और जीवन की सराहना के साथ पुनर्प्राप्ति के इस नए चरण में प्रवेश कर रही हूं।








# श्री सुल्ला मल रामलीला महोत्सव के लिए हुआ भूमि पूजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर की सबसे प्राचीन रामलीला श्री सुल्ला मल रामलीला महोत्सव की शुरूआत भूमि पूजन समारोह से हुई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में यहां चैरिटेबल फिजियोथेरेपी सेंटर का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो बाबा,महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, संजीव मित्तल साजू,मोहित मित्तल ने सभी का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

# शानदार पहल : 117 करोड़ रुपए की लागत से इंदिरापुरम की चार प्रमुख मार्ग की सड़कें बनेंगी मॉडल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में सी एम ग्रीड फेस 2 के अंतर्गत होने वाले कार्यों की योजना बनाने के लिए बैठक की गई। बैठक में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों के साथ-साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। इनके अलावा बीएसएनल, आईजीएल, जिओ, एयरटेल के प्रतिनिधित्व भी उपस्थित रहे। 117 करोड़ की लागत से बनने वाली इंदिरापुरम की चार मॉडल सड़कों पर कार्य योजना बनाई गई। नगर आयुक्त ने मार्गों को सुसज्जित, सुव्यवस्थित बनाने के साथ-साथ आधुनिक सड़क के रूप में बनाए जाने की प्लानिंग करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी ने बताया कि नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सी एम ग्रीड फेस टू की बैठक हुई। इसी क्रम में इंदिरापुरम के अंतर्गत चार प्रमुख मार्गों का कार्य किया जाना है। योजना बनाई गई काला पत्थर रोड से एनएच 9 तक, बालाजी मंदिर से होते हुए कावेरी मार्ग तक, काला पत्थर रोड से कस्तूरबा गांधी मार्ग होते हुए कैप्टन सहित मनोज पांडे मार्ग तक, काला पत्थर से सुशीला नैयर मार्ग होते हुए शहीद कैप्टन मनोज पांडे मार्ग तक तथा सुशीला नैयर मार्ग से शिप्रा मॉल से होते हुए काला पत्थर तक के मार्ग को आधुनिक बनाया जाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई।

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बैठक कर बनाई पूरी कार्य योजना



### पद चालकों के लिए सुखद व सुगम बनेंगे फुटपाथ, इंदिरापुरम निवासी मॉर्निंग वॉक का उठा सकेंगे लाभ : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने सभी उपस्थित जनों को विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उक्त मार्ग लगभग 10 किलोमीटर है जिसमें 3 मीटर के फुटपाथ जो कि आधुनिक फुटपाथ के रूप में बनेंगे जिसमें पद चालकों के लिए रोड क्रॉसिंग पर टेबल टॉप बनाया जाएगा जिससे बिना नीचे उतरे रोड क्रॉस करने में भी सरलता रहेगी। व्हीकल मूवमेंट को सरल बनाने के लिए कन्जेस्टेड बिंदु को चिन्हित किया जाएगा तथा यू टर्न डिजाइनिंग के तहत व्हीकल मूवमेंट सरल हो ध्यान रखा जाएगा।

### लैंडस्कैपिंग, स्टोन कलाकृतियां तथा ग्रीनरी पर दिया जाए विशेष ध्यान : विक्रमादित्य सिंह मलिक

**करंट क्राइम।** बैठक में निर्देशित किया गया कि इंदिरापुरम मार्गों पर कई स्थानों पर स्टोन कलाकृतियां भी लगाई जाएगी प्रमुख चौराहों पर बड़ी-बड़ी स्टोन कलाकृतियां लगाने की योजना है। इसके अलावा अधिक से अधिक ग्रीनरी से मार्गों को व्यवस्थित करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। सेंट्रल वर्ज रोड साइड में लगे हुए पेड़-पौधों को आकृतियों के रूप में सुसज्जित बनाने की योजना की गई है। मार्ग पूर्ण रूप से व्यवस्थित बनेंगे मॉडल ग्रीन तथा आधुनिक रोड के रूप में डिजाइन किए जाएंगे।

### नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर विकास कार्यों में अग्रसर

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगातार शहर के विकास कार्यों के लिए अग्रसर दिखाई दे रहा है। इंदिरापुरम की यह सड़कें जो कि मुख्यमंत्री की योजना के क्रम में सुसज्जित व सुंदर बनाई जा रही हैं जिसका लाभ क्षेत्रवासियों का होगा। मॉर्निंग वॉक के दौरान भी यहां के निवासी लाभ उठा सकेंगे। बैठक में निगम से मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, सहायक अभियंता निर्माण अनूप शर्मा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र, अधिशासी अभियंता विद्युत अवधेस कुमार, जल निगम के अधिशासी अभियंता अरुण व अन्य उपस्थित रहे।

## महापौर सुनीता दयाल ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम योजना की 4 मॉडल रोड बनाये जाने के लिए सी एम ग्रिड के अंतर्गत 117 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति मिली है जिससे इंदिरापुरम के विकास में चार चांद लगेंगे जिसके लिए महापौर सुनीता दयाल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। अभी हाल ही में गाजियाबाद नगर नियम ने इंदिरापुरम योजना को हैंडओवर किया है और सी एम ग्रिड में 4 अतिरिक्त सड़कों को मॉडल बनाए जाने की स्वीकृति से अधिक विकसित हो सकेगा। इंदिरापुरम की जनता के लिए यह अच्छी खबर है और जल्द ही योजना के साथ इस पर कार्य किया जाएगा और इंदिरापुरम की जनता को भरपूर सुविधा दी जाएगी।

# नरक की जिंदगी जीने को मजबूर वार्ड 95 के निवासी : जाकिर अली सैफी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद मौ. जाकिर अली सैफी और रुकसाना सैफी ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर वार्ड 95 की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने लिखा कि आपको कई बार अवगत कराते आ रहे हैं कि वार्ड 95 में सीवर लाइनों की सफाई न होने के कारण क्षेत्र का बहुत बुरा हाल बना हुआ है। वी ऐ टेक वाबाग कम्पनी के सीईओ शैलेन्द्र कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील सिंह, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर केडी मेहता, जोनल इंचार्ज गौरव कुमार, वेंडर सुनील त्यागी इन सभी से व नगर निगम के जलकल विभाग के सभी अधिकारियों को लगातार अवगत कराते आ रहे हैं। इसके बावजूद भी वार्ड 95 की समस्या को लेकर कोई कार्यवाही नहीं होती। सिर्फ फोटो लेकर आपको सेंड कर दी जाती है जिससे क्षेत्र की जनता इस महान प्रजातंत्र में अपने आपको घुटा सा महसूस करती है। श्रीमान ये प्रोजेक्ट मैनेजर व वेंडर दोनों लोग पार्टनर हैं। आप अपने स्तर पर स्वयं जांच कर लें। जब से वाबाग कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील सिंह आए हैं, तभी से पूरे शहर का बुरा हाल है। इनसे पहले पूर्व प्रोजेक्ट मैनेजर रजनी सिंह स्वयं क्षेत्र में आकर निरीक्षण करते थे, वह तत्काल समाधान करते थे। श्रीमान पूरे शहर में कहीं भी डी शिल्डिंग नहीं होती। डी शिल्डिंग केवल कागजों में होती है जिससे शासन से मोटा बिल वसूला जाता है। यह लोग धमकियां देते हैं कि नगर निगम के अधिकारी हमारा कुछ नहीं कर सकते, हमारी पहुंच शासन में है। अब तो इनकी बातों पर यकीन भी आने लगा है कि इन महाभ्रष्टाचारी लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। जनता को सुख-सुविधा देने के लिए जो पैसा दिया जाता है, ये लोग ऐसे ही लूटते रहेंगे।



### आज तक नहीं की गई कोई सख्त कार्रवाई

**करंट क्राइम।** शासन ने जो एग्रीमेंट साइन किया है उसमें साफ कहा गया है कि 3 किलोमीटर के एरिया में अगर एक भी कंप्लेंट आती है तो नगर निगम द्वारा बाबा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर 71000 के आसपास जुर्माना लगाकर वसूला जाएगा। मगर आज तक कोई भी ऐसी सख्त कार्रवाई नहीं हो पाई है इसीलिए इनके हौसले बहुत बढ़ रहे हैं और सीवर लाइन का पूरे शहर में बहुत बुरा हाल है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कहते हैं सबका साथ सबका विकास लेकिन नगर निगम द्वारा मुस्लिम व दलित बस्तियों में बहुत सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। एक बार भी वार्ड 95 का दौरा नहीं किया। आप स्वयं क्षेत्र में आकर देख लीजिए कि किन गंभीर समस्याओं से क्षेत्र के लोग जूझ रहे हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा पंजाबी चेहरे ने बदल दिया है अपनी राजनीति का रूख? सुना है उन्होंने लखनऊ की ओर लगा दिया है अपना खोपड़ा? वो जानते हैं पंजाबी फैक्टर पर बन रही है किसी और चेहरे की बात? क्यों वो महल के छलावे में तैयार करें झोपड़ा? इसलिए उन्होंने अपनी राजनीति को देने के लिए नए आयाम? शुरू कर दिया है लखनऊ में मुलाकातों वाला काम? उन्हें हो गया है महसूस कि ऊपर सक्रियता बढ़ाकर प्राप्त कर लेंगे वो कोई ना कोई मुकाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें समझ नहीं आ रहा नदिया पार वाले मैम्बर सिंह क्यों हैंडओवर का क्रेडिट ले रहे हैं यार? हमें जानकारी मिली है कि उनके वार्ड की तो पूरी जिम्मेदारी बिल्डर संभाल रहे हैं, तो फिर वो हैंडओवर वाले मामले में कैसे लायेंगे अपने एरिया में विकास की बहार? कहने वाले ने कहा इस बात की है उन्हें खूब जानकारी? मगर उनका दिल क्रेडिट लेने के लिए हमेंशा रहता है तैयार? आप देख ही रहे हो क्रेडिट वॉर में वो तमाम चेहरों को धन्यवाद देकर आ चुके हैं बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैडम चावड़े और मैडम चौहान के आपसी हालात नहीं है बिल्कुल भी ठीक? दोनों का बिगड़ा हुआ तालमेल करता है इस बात की तस्दीक? कहने वाले ने कहा जब से मैडम चावड़े को पता चली है मैडम चौहान की घर वापसी वाली बात? सुना है तब से दिख रही है वो बहुत ज्यादा नाराज? दे रही है वो अपने लोगों में संदेश? कह रही हैं अगर चौहान की हो गई एन्ट्री? तो फिर मंडल में एक्टिव नहीं रहेगा मेरा फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा जायसवाल जी हैं सादगी की मिसाल? सुना है उनके दिल में भी है इस बार चुनाव लड़ने का ख्याल? मगर बाकी दावेदार उनको सरकारी जिम्मेदारी वाला कहकर करते हैं प्रमोट? बड़ी सोच समझकर मारी जाती है उनकी दावेदारी पर चोट? कहने वाले ने कहा हम ऐसे चेहरों तक पहुंचाना चाहते हैं पैगाम? जब ये दावेदार भगवा भी नहीं हुए थे तब देखते थे मिस्टर जायसवाल, बालेश्वर जी के नेतृत्व में मंडल का काम? कहने वाले ने कहा शायद नहीं है इस बात की हाल-फिलहाल किसी को जानकारी? मिस्टर जायसवाल अब से नहीं, कई दशक पहले से हैं भगवाधारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कांग्रेस के एक पूर्व अध्यक्ष देख रहे हैं विधायक बनने का ख्वाब? मगर इस वाले उपचुनाव से उनके ख्वाब का नहीं है कोई भी इत्तेफाक? उन्होंने अपनी टोली में कर दिया है ऐलान? कह दिया है 2027 में तुम्हारे चौधरी का है मुरादनगर से चुनाव लड़ने का प्लान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चोटी वाले त्यागी जी के दिल में लग गई है कोई बात? सुना है उनकी पुरानी वाली तासीर ने हल्का सा उभारा मारा है साहब? हाल ही में उन्होंने फेसबुक पर डाला है संदेश? लिखा है कुछ पूजन के योग्य और कुछ जूतन के योग्य होते हैं फेस? कहने वाले ने कहा किसी को टारगेट करके लिखे हैं उन्होंने ये शब्द? बहुत मुश्किल से उन्होंने खुद को बदला था? लग रहा है अब फिर से पुराने फ्रेम में जाते हुए नहीं लगेगा उन्हें अब वक्त?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप संगठन वालों के पास जाओगे और जानना चाहोगे एक बात? तो हम आपको बता रहे हैं सगठन के दोनों दोस्त नहीं दे पायेंगे आपके इस सवाल का जवाब? आप उनसे पूछोगे जनरली साहब को लेकर सदस्यता के टारगेट का सवाल? हम बता रहे हैं आपके तमाम पूछने पर भी इस सवाल को वो देंगे पूरी शिद्दत से टाल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा त्यागी पार्षद के मन में जाग गये हैं अगला भगवा कमांडर बनने के जज्बात? हमने देखा अपने जज्बातों को वो रहे थे कहीं पर बांट? कह रहे थे हम पर आज नहीं तो कल आयेगी बसंत की बहार? हमारे नाम पर भी होगा मजबूती से विचार? हम भी हैं पार्टी के पुराने किरदार? विधायक जी को भी अब भाने लगा है हमारा व्यवहार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वहीं कही दूर छिड़ी हुई थे एक महान मंत्री के शब्दों में एलान ए जंग ? उन्होंने तमाम भगवधारिओं के बीच में कहा, चुनाव की इस दौड़ में हूँ मैं पंजाबी दावेदार के संग ? उन्होंने कमांडर के खास चेहरों के सामने ही कही ये वाली बात ? कहा, मेरे इस एलान को कमांडर तक पहुँच देना आप ? देखते ही बन रहे थे इन शब्दों के साथ महान मंत्री के तेवर ? उनके शब्दों से स्पष्ट हो रहा था, वो बिलकुल भी नहीं करने वाले चुनाव के मुद्दे पर पहलवान के दोस्त को फेवर ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** समाजसेवी अग्रवाल जी ने जब से गर्ग साहब को दिया है अपनी विधानसभा वाली दावेदारी का बियोडाटा ? तब से रायता फैलकर बन गया है सन्नाटा ? सुना ही अग्रवाल जी को माना जा रहा गैरराजनीतिक दावेदार ? कहने वाले कह रहे है, जब होगी किसी गैर राजनीतिक चेहरे के नाम पर चर्चा तब ही होगा उनके नाम पर विचार ? कहने वाले ने कहा , अग्रवाल जी इन शब्दों का अर्थ अभी से समझे स्पष्ट ? नहीं तो अरमानों पर उनके फिरेगा पानी और होगा हमको बहुत ही ज्यादा कष्ट ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।